● जयपुर, सोमवार, 30 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 45 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 रक्तदान वीरों की नगरी है बाड़ीः ऋतु बनावत...

पेज @4 खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने किया 14 वर्षीय फुटबॉल ...

पेज @8 चिकित्सा मंत्री ने किया टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ...

'मन की बात' कार्यक्रम का 114वां संस्करण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को स्वच्छता, जन भागीदारी और वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश

एक पेड़ मां के नाम अभियान में राजस्थान की उपलब्धियों की सराहना की

चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 114वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर आमजन के साथ प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना।

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 3 अक्टूबर को 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। इन 10 वर्षों में देश वासियों ने अपना प्यार और आशीर्वाद संदेशों के माध्यम से लगातार उन्हें भेजा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं, जो देश की उपलब्धियों को गर्व से सुनते हैं।

» प्रधानमंत्री ने की राजस्थान की सराहना

मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ जब सामूहिक भागीदारी का संगम होता है तो पूरे समाज के लिए अदभुत नतीजे सामने आते हैं। उन्होंने अभियान के तहत राजस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त माह में ही 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर राजस्थान ने जन भागीदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

प्रधानमंत्री ने जलसंरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जलसंकट से निपटने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के झांसी, मध्य प्रदेश के रायपुरा एवं छतरपुर गांव का जिक्र किया जहां महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों से वहां के तालाबों और नदियों को नया जीवन दिया।

मोदी ने कहा कि 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत अभियान के भी 10 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। ये महात्मा गांधी जी को भी सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनपर्यंत, इस उद्देश्य के लिए समर्पित रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के इस महीने 10 साल पूरे हुए हैं। इस अभियान से गरीब, मध्यम वर्ग और लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बहुत फायदा मिल रहा है। श्री मोदी ने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी त्योहारों के सीजन में तथा आम जीवन में भी स्थानीय उत्पाद ही खरीदें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम हमारी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते है, तो दुनिया भी उसे सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 प्राचीन कलाकृतियों को वापस लौटाया है। जिनमें हजारों साल पुरानी, हाथी के दांत, लकड़ी, तांबा और कांसे जैसी चीजों से बनी कलाकृतियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में मातृ-भाषा को सहेजने, पारंपरिक जड़ी-बूटियों की उपयोगिता और रचनात्मकता पर भी बात की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया, एवं एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया है। शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी अपने सकारात्मक एवं प्रेरणादायक विचारों से देशवासियों को सदैव प्रेरित करते हैं।

इस दौरान जयपुर ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

न्यूज अपडेट

आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली में जंगल राज

नई दिल्ली/एजेंसी। राजधानी दिल्ली में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चिंता जाहिर की है। अरविंद केजरीवाल ने इसे जंगल राज करार दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए लिखा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। पूरी तरह से जंगल राज है। देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंडर आती है। उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे। अरविंद केजरीवाल ने अपने पोस्ट में अपराध की कुछ खबरों का भी जिक्र किया है। वहीं, दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात को लेकर सवाल किए। सौरभ ने पोस्ट में लिखा, हाथ जोड़कर विनती है कि अब कुछ काम भी कर लीजिए।

महबूबा मुफ्ती ने इजरायली हमले में मारे गए नसरल्लाह को बताया शहीद

नई दिल्ली/एजेंसी। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता नसरल्लाह को शहीद बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने विरोध में चुनाव प्रचार करने से भी इनकार कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में आगामी 1 अक्टूबर को तीसरे और अंतिम चरण के लिए वोट डाले जाएंगे।

पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने नसरल्लाह की मौत पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा- लेबनान और गाजा के शहीदों, खासतौर से हसन नसरल्लाह के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं। इस गहरे दुख और विद्रोह की घड़ी में हम फिलीस्तीन और लेबनान के लोगों संग खड़े हैं। लेबनान में इजरायली हमले में मारे गए नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में लोगों ने रैली भी निकाली।

भजनलाल कैबिनेट में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना को मंजूरी

नहीं हो सका तबादले खोलने पर निर्णय

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी कैबिनेट में हुए मुख्य फैसलों की जानकारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार 29 सितंबर की शाम को कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद डिप्टी सीएम दिया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल मीडिया से रूबरू हुए। साथ ही कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। पटेल ने कहा कि राज्य सरकार ने जो बजट घोषणाएं की है। उन्हें तेजी से साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देने पर सरकार का विशेष फोकस हैं। राज्य सरकार ने 23820 सफाई कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगामी दिनों में 60 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी भर्ती करेगी।

● निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रिप्स को मंजूरी

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 लाने के साथ-साथ कर्मचारी कल्याण, पत्रकार कल्याण, सौर ऊर्जा और प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि सरकार 9 से 11 दिसम्बर तक होने जा रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करना चाहती है। इस दिशा में कैबिनेट की बैठक में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 (रिप्स-2024) को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि रिप्स-2024 निवेशकों के लिए रियायतों के लिहाज से देश की सबसे आकर्षक निवेश प्रोत्साहन योजना है।

● चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालक पदों की शैक्षणिक योग्यता अब 10 वीं पास की

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि भर्तियों में पारदर्शिता और एकरूपता लाने के लिए चतुर्थ श्रेणी सेवा और समकक्ष पदों की शैक्षणिक योग्यता 5 वीं और 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण से बढ़ाकर 10 वीं करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही ये भर्तियां साक्षात्कार से कराने के बजाय राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है। पटेल बताया कि इसी तरह वाहन चालक के पद पर भर्ती की शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण से बढ़ा कर 10 वीं उत्तीर्ण करने और अलग-अलग सेवा नियमों में वाहन चालक के पदनामों में एकरूपता लाते हुए एक ही पदनाम वाहन चालक करने का फैसला किया गया है। वाहन चालक के पदों की भर्ती भी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से करवाई जाएगी।

● युवाओं को नौकरी, राजस्थान विकास के पथ पर होगा गतिमान

डिप्टी सीएम दिया कुमार ने बताया कि वाहन चालक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के संबंध में किया गया यह निर्णय इस साल 1 लाख सरकारी नौकरियां देने के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वर्तमान में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लगभग 60 हजार पद रिक्त हैं जिन पर भविष्य में भर्ती की जाएगी। सरकार द्वारा स्थानीय निकायों के माध्यम से 23 हजार 820 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ति भी जारी की गई है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के दौरान आवेदन पत्र अत्यधिक मात्रा में प्राप्त होते थे और स्नातक, स्नातकोत्तर, एल.एल.बी. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा भी आवेदन किया जाता था। साक्षात्कार के माध्यम से चयन किये जाने के कारण विभागों को इन भर्तियों में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इन कारणों से कई वर्षों से इन पदों पर भर्ती नहीं हो पा रही थी।

● संस्थापन अधिकारी को अब पे लेवल एल-16 का वेतनमान

पटेल ने बताया कि मंत्रालयिक सेवा के कार्मिकों के हित में राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा के संस्थापन अधिकारी का वेतनमान राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के तहत पे लेवल एल-15 से बढ़ाकर एल-16 किए जाने का अनुमोदन भी मंत्रिमंडल में किया गया। राजस्थान गवर्नर्स सेक्रेटरिएट (राज्य, अधीनस्थ, मिनिस्ट्रियल एंड क्लास-4) सर्विस रूल्स, 2024 में डीपीसी वर्ष 2024-25 में पदोन्नति हेतु निर्धारित अनुभव में दो वर्ष की छूट की अधिसूचना के प्रावधान नहीं जोड़े जा सके थे, क्योंकि इन सेवा नियमों के अस्तित्व में आने तक अनुभव में छूट की अधिसूचना संबंधी समस्त संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। गत 5 जुलाई, 2024 को जारी अनुभव में छूट की इस अधिसूचना के प्रावधानों को इन सेवा नियमों में शामिल किए जाने की मंजूरी आज मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदान की गई। एक और निर्णय लेते हुए आयुष विभाग के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी और समकक्ष पद तथा इससे उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा सेवा में रहते हुए पी.जी. डिग्री प्राप्त करने पर अग्रिम वेतन वृद्धि के लाभ का प्रावधान भी किया गया है।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नियमों में स्पष्टता और अन्य विभागों से एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम-1998 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में पूर्व में समाप्त पदों सहायक प्रोग्राम अधिकारी, लेखा सहायक, समन्वयक प्रशिक्षण, समन्वयक आई.ई.सी., समन्वयक पर्यवेक्षण, कम्प्यूटर अनुदेशक इत्यादि पदों से संबंधित प्रविष्टियों को इस संशोधन के द्वारा विलोपित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में कनिष्ठ अभियंता के रिक्त पदों को अब लिखित परीक्षा के माध्यम से राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा ओपन कॉम्पिटिशन के आधार पर भरा जा सकेगा। इससे कनिष्ठ अभियंताओं की भर्ती की प्रक्रिया में सभी विभागों में एकरूपता रहेगी।

● स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु और न्यूनतम अनुभव की अवधि घटाई

» उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि बजट घोषणा 2024–25 को अमल में लाते हुए राजस्थान प्रेस प्रतिनिधि अधिस्वीकरण नियम–1995 में संशोधन कर स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष से घटा कर 45 वर्ष की गई है और न्यूनतम पत्रकारिता अनुभव 25 वर्ष से घटाकर 15 वर्ष किया गया है।

● रिप्स-2024 से एमएसएमई और उभरते हुए क्षेत्रों में बढ़ेगा निवेश

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रिप्स-2024 में एमएसएमई सेक्टर से लेकर नए उभरते हुए क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए है। साथ ही ग्रीन ग्रोथ, निर्यात संवर्धन और क्षमता विकास जैसी प्राथमिकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। रिप्स-2024 में किए गए प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि रिप्स-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेन्टिव्स के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दी गई है। पर्यटन इकाइयों के लिए इसे और भी कम करके 10 करोड़ रुपये किया गया है। नए उभरते हुए क्षेत्रों की सूची का विस्तार करते हुए इसमें एयरो और स्पेस, रक्षा, ड्रोन, सेमीकंडक्टर, एग्री टेक और वेस्ट रिसाइक्लिंग जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। एक करोड़ रुपये से कम का पात्र अचल पूंजी निवेश करने वाले एमएसएमई उद्यमों को भी रिप्स-2024 के दायरे में लाया गया है।

● परिचालन लागत कम करने के लिए भूमि और बिजली संबंधी इन्सेन्टिव्स

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बताया कि नई यूनिट्स लगाने और पहले से चल रही इकाइयों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उन मौजूदा उद्यमों को भी रिप्स-2024 के लाभ प्रदान किए जाएंगे, जो हरित विकास में निवेश कर रहे हैं और पहली बार निर्यातक बन रहे हैं। रिप्स के अंतर्गत लगने वाली इकाइयों की परिचालन लागत को कम करने के लिए भूमि और बिजली से संबंधित इन्सेन्टिव्स शुरू किए गए हैं। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित करने वाले निवेशकों के लिए भूमि लागत के भुगतान का लचीला मॉडल रिप्स में शामिल किया गया है, जिसमें भूमि लागत का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 10 किस्तों में 8 प्रतिशत ब्याज के साथ दी जा सकेगी। ऊर्जा के अधिक उपयोग वाले 8 प्रकार के उद्योगों को विद्युत लागत इन्सेन्टिव्स प्रदान किए जाएंगे। इसमें कैप्टिव रिन्यूएबल एनर्जी संयंत्रों में निवेश पर सब्सिडी के साथ ही अतिरिक्त 5 प्रतिशत एसजीएसटी प्रतिपूर्ति या पीएनजी की वैट दर पर 5 प्रतिशत वैट प्रतिपूर्ति का विकल्प शामिल है।

इसके अलावा ये भी हुए निर्णय !

» संस्थापन अधिकारी को अब पे लेवल एल–16 का वेतनमान

» राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम 1998 में संशोधन

» एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलने से बढ़ेंगे रोजगार अधिक अवधि के लिए ब्याज छूट और निवेश सब्सिडी का लाभ

» 5 हजार 708 मेगावाट की ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन का अनुमोदन

» बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए तीन संयुक्त उद्यम कम्पनियों के प्रस्तावों का अनुमोदन

केके मोहम्मद की बातों को गंभीरता से लेना होगा, यह हिंदू आस्था का विषय है

भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित भारतीय पुरातत्वविद् के.के. मोहम्मद साहब का काम पुरातत्व के क्षेत्र में इतना अधिक है कि उनका नाम आज विश्वविख्यात है। इन्हें इबादत खाना, प्रमुख बौद्ध स्तूपों और स्मारकों की खोज का श्रेय दिया जाता है। अपने करियर के दौरान, बटेश्वर परिसर के जीर्णोद्धार का काम किया, नक्सल विद्रोहियों और डकैतों को सहयोग करने के लिए सफलतापूर्वक राजी किया, साथ ही दंतेवाड़ा और भोजेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। इन्होंने ही बाबरी की खुदाई कर राम जन्मभूमि मंदिर के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले थे। बाबरी मस्जिद के पश्चिमी हिस्से में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले थे, जो गुर्जर-प्रतिहार राजवंश द्वारा 10वीं और 11वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। इसके पूर्व के अवशेष भी इन्होंने खोज निकाले थे। आपने दिल्ली में प्रतिकृति संग्रहालय के निर्माण की अवधारणा को भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया, जिसमें भारतीय मूर्तियों और पत्थर पर नक्काशीदार मूर्तियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी पुरातत्व से जुड़े अन्य कई सफल प्रयास इनके खाते में दर्ज हैं। ऐसे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट केके मोहम्मद साहब ने काशी और मथुरा मन्दिर क्षेत्र को लेकर चल रहे विवाद पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है। उनका कहना है, मुसलमानों को ‘बड़ा दिल’ दिखाते हुए काशी और मथुरा के स्थलों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, क्योंकि इन स्थानों में हिंदुओं की गहरी आस्था है, यही इस मुद्दे का एकमात्र समाधान है। इसके साथ ही वे यह भी उल्लेखित करते हैं कि इन स्थानों से जुड़ी मस्जिदों को लेकर मुसलमानों का कोई भावनात्मक जुड़ाव नहीं है और मुसलमानों को ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए खुद आगे आना चाहिए। केके मोहम्मद साहब इतना कह कर ही नहीं रुके, वे आगे अपनी बातों में यह भी जोड़ते हैं कि भारत आज सेक्युलर देश है तो हिन्दुओं की वजह से है, हिन्दू यहाँ बहुसंख्यक हैं इसलिए देश सेक्युलर है। मुसलमानों को इसका शुक्रगुजार होना चाहिए। यदि मुसलमान बहुसंख्यक होते तो भारत की धर्मनिरपेक्षता बनाए रखना मुश्किल होता। आजादी के बाद मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बनाया गया था, जबकि हिंदुओं को भारत दिया गया, फिर भी हिन्दुओं ने इसे हिन्दू देश नहीं बनाया, सेक्युलर रखा और इसके लिए मुसलमानों को आभार व्यक्त करना चाहिए। वस्तुतः इतिहास साक्षी है कि दुनिया में इस्लाम का प्रसार तलवार के बल पर हुआ। लोगों को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। उनके पूजा-स्थलों को ध्वस्त कर उसके मलबे से मस्जिदों का निर्माण करने के अनेकों उदाहरण आज मौजूद हैं। इसीलिए ही भारत में सैकड़ों मसजिदों की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र या सनातन धर्म के अन्य प्रतीक चिह्न दिखाई देते हैं। मुस्लिम शासकों ने 60,000 हिंदू मंदिरों को तोड़ा था और उनमें से 3,000 मंदिरों की जगह मस्जिदें बनाई थीं, यह तथ्य सर्वविदित है। 1989 में अरुण शौरी ने एक प्रसिद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति मौलाना हकीम सैयद अब्दुल हाई से चर्चा करते हुए बताया था कि उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें से एक किताब ‘हिंदुस्तान की मस्जिदें’ है, जिसमें 17 पन्नों का अध्याय था। उसमें मस्जिदों का संक्षिप्त विवरण मिलता है, जो यह बताता है कि कैसे मस्जिदों के निर्माण के लिए हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज बीकानेर में मुगलों के सैकड़ों पत्र सुरक्षित रखे गए हैं जिसमें औरंगजेब समेत कई इस्लामिक बादशाहों के पत्र हैं, जिसमें इनके द्वारा समय-समय पर दिए गए मंदिरों को तोड़ने, हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने पर इनाम की घोषणा, दिवाली पर पटाखे जलाने को प्रतिबंधित करने के आदेश जैसे कई हिन्दू विरोधी कृत्य हैं ।

वर्ष 1990 में इतिहासकार सीताराम गोयल, अरुण शौरी, हर्ष नारायण, जय दुबाशी और राम स्वरूप ने मिलकर ‘हिंदू टेम्पलः व्हाट हैपन्ड टू देम’ नामक दो खंडों की किताब प्रकाशित की थी। उसमें सीताराम गोयल ने 1800 से अधिक मुस्लिमों द्वारा बनाई गई इमारतों, मस्जिदों और विवादित ढांचों का पता लगाया था। देश की राजधानी दिल्ली का उल्लेख करते हुए इस पुस्तक में बताया गया है कि यहाँ कुल 72 जगहों की पहचान की गई है, जहां पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने सात शहरों का निर्माण करने के लिए इंद्रप्रस्थ और ढिलिका को नष्ट कर दिया था। वस्तुतः 1192 ई. तक दिल्ली हिंदू राजाओं के द्वारा शासित होती थी। तराइन की दूसरी लड़ाई में मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर दिल्ली की सत्ता हासिल कर ली। उन्हीं दिनों कुतुबुद्दीन ऐबक, जो मोहम्मद गोरी का सेनापति था, ने श्री विष्णु हरि मंदिर और अन्य 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर उन्हीं के मलबे से एक ढांचा खड़ा किया, जिसे ‘कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद’ का नाम दिया गया। वहीं, मंदिर की सामग्री का उपयोग अन्य स्मारकों, मस्जिदों, मजारों और अन्य संरचनाओं में किया गया था। 1871 में कुतुब कॉम्पलेक्स में किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में जेडी बेगलर ने बताया था कि इल्तुतमिश के मकबरे, कुवततुल इस्लाम मस्जिद में हिन्दू साक्ष्य साफ दिखाई देते हैं और ये स्थल इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा जोड़-तोड़ का सबसे बड़ा निशान है। इसी तरह खिलजी के मदरसे पर एएसआई की 1926 की रिपोर्ट में इसके गुंबद को हिंदू मन्दिर की कलाकृति के तहत बना हुआ बताया।

उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मंदिरों को निशाना बनाया गया और यहां पर इस्लामिक आंधी ने हिंदुओं की कला और संस्कृति पर जरा भी रहम नहीं किया 299 विशाल और भव्य मंदिरों का विध्वंस कर दिया गया। इस पुस्तक के सभी लेखकों ने 142 जगहों की पुष्टि तत्कालीन आंध्र प्रदेश में की है। पश्चिम बंगाल में 102 जगहों पर मस्जिदें, किले और दरगाह हैं, जिन्हें मुस्लिम शासकों ने मंदिरों को नष्ट करके बनाया था। कर्नाटक में कुल 192 स्थान हैं। मध्य प्रदेश के 151 स्थलों का उल्लेख है। किताब में गुजरात की 170 चिह्नित हैं, जहां मंदिर को तोड़ कर मस्जिद बनाई गई हैं। बिहार में कुल 77 जगहों पर मंदिर को नष्ट करके या फिर उसकी सामग्री का उपयोग करके मस्जिदों, मुस्लिम संरचनाओं को तैयार किया गया। इसी तरह से इतिहासकारों द्वारा हरियाणा में कुल 77 स्थलों का उल्लेख मिलता है। वस्तुतः इस पुस्तक और इसके बाहर अन्य तमाम पुस्तकों में जो वर्णन आया है उससे यह साफ पता चलता है कि भारत के जिस भी कोने में यह इस्लामी आक्रांता गए, उन्होंने सिर्फ और सिर्फ भारत की सनातन संस्कृति-सभ्यता के ध्वजवाहक मंदिरों को नष्ट करने का ही कार्य किया। इस तरह देखें तो पहले जितना भी हिंदू अत्याचार हुआ, वह भयंकर है, उनके बाद भी हिंदू समाज उन तमाम मंदिरों पर आज अपना दावा नहीं ठोक रहा है, वह तो सिर्फ मुख्य आस्था केन्द्रों काशी और मथुरा मंदिरों की मांग कर रहा है। वास्तव में इतिहासकार के. के. मोहम्मद की कही बातों को संपूर्ण मुस्लिम समाज को गंभीरता से लेना चाहिए, उन्हें बड़ा हृदय कर भारत के बहुसंख्यक हिंदू समाज के इन दो आस्था प्रतीकों एवं श्रद्धा केन्द्रों को उन्हें प्रसन्नता के साथ वापस सौंप देना चाहिए।

इजराइल का लक्ष्य ईरान को युद्ध में लपेटना है



ललित मोहन बंसल

वैश्विक तनाव, रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास, सूडान गृहयुद्ध, दो अरब की भुखमरी और पर्यावरण असंतुलन की मार से संयुक्त राष्ट्रसंघ इन दिनों कैमरे में बंद है, इसके संरक्षक, मुखिया और चाहने वाले हाल-बेहाल हैं। ‘यूक्रेन-रूस’ युद्ध पर पश्चिमी तंज पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतने क्रुद्ध हैं कि उनके राजनयिक प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में धमकी दे डाली कि ‘इस परम्परागत युद्ध में एक ने भी लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र का प्रयोग किया तो उसके परिणाम घातक होंगे।’ इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु ने संयुक्त राष्ट्र में कड़े तेवर अपनाते हुए युद्ध विराम को नकारा और अपने कमांडरों का आह्वान किया कि युद्ध की गति को बढ़ा दें। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों ने दो तिहाई देशों के साथ मिलकर इजराइल पर दबाव बनाने की पहल की थी। इसका त्वरित असर यह हुआ कि इजराइली वायुसेना ने चंद घंटों बाद लेबनान के दक्षिण में ईरान के ‘छद्म फ़्रंट’ हेज़्बुल्लाह ठिकानों को निशाना बना कर पाँच सौ से अधिक फ्रंट समर्थकों को ढेर कर दिया और हजारों को घायल कर दिया। इसके चंद दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र में ‘युद्ध नहीं, शांति’ और विश्व बंधुत्व के संदेश की अनसुनी कर डाली।

इज़राइल और फ़लिस्तीन के दशकों से चले आ रहे ख़ूनी संघर्ष में भारत ‘दो राष्ट्र सिद्धांत’ को प्रश्रय देता आया है। इसके बावजूद अमेरिकी कंधे पर सवार इजराइल के कमांडो ने घने अंधेरे में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हुए शुक्रवार को सीरिया के उत्तर पश्चिम में आधुनिकतम प्रेक्षापास्त्र शोध केंद्र’ को ध्वस्त किया है, एक चौंकाने वाली घटना है। यही नहीं, शनिवार रात इजराइल ने हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की है। हेज्बुल्लाह के बड़े कमांडरों में अब गिनती के कमांडर रह गये हैं।

ग्लोबल फ़ायरपावर इंडेक्स की मानें तो इजराइल और ईरान असल में बराबरी की टक्कर में हैं। ईरान 14वें नंबर पर है तो इजराइल 17वें पायदान पर है। ईरान के पास 551 तो इजराइल के पास 612 विमान हैं। ईरान के पास 186 लड़ाकू विमान हैं तो इजराइल के पास 241 लड़ाकू विमान हैं। टैंकों की स्थिति में ईरान आगे है। इजराइल का लक्ष्य ईरान क्यों है?ः न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लाह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजराइल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है। यहाँ हमास के हमसफ़र हिज्बुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों रॉकेट लांचर से हमला किया, इजराइली आयरन डोम से हमला विफल हो गया, प्रशासन को आनन-फानन में अपने करीब पच्चास हजार यहूदियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुनर्वासित करना पड़ा। अब इजराइली पैदल सेना गाजा पट्टी की तरह लेबनान में घुसेगी और भयंकर तबाही मचेगी तो यह युद्ध विकराल रूप लेता हुआ दिनों नहीं, महीनों और वर्षों तक चलेगा।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट है कि ईरान के राष्ट्रपति डाक्टर मसूद पेजेशकियन ने संयुक्त राष्ट्र में अपने उद्बोधन में पश्चमी देशों के प्रतिबंधों से मुक्ति और मित्रता का हाथ बढ़ाए जाने की घोषणा जरूर की है, उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ईरान के साये में पल रहे हिज्बुल्लाह, हमास और हैती संगठनों से निजात पाना संभव नहीं है। गत जुलाई में सत्तारूढ़ डॉक्टर पेजेशकियन ने यह भी कहा है, ‘हिज्बुल्लाह अकेले दम इजराइल से टक्कर लेने की स्थिति में नहीं है।’ यह भी एक सच्चाई है, अमेरिका में लाखों यहूदी (12 %) व्यवसायी हैं, टेक्नोक्रेट और अधिकारी हैं। इन दिनों चुनाव का माहौल गरमाया हुआ है, डेमोक्रेट जो बाइडन हों या रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप, यहूदियों की अनदेखी नहीं कर पा रहे हैं। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के शुभारंभ पर अपने अंतिम संबोधन में दलील दी थी, ‘हमास सभी बंधक छोड़े फिर गाजा पट्टी से मुँह मोड़ कर चल दे, इससे युद्ध विराम और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।’ ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में विजयी होते हैं तो निःसंदेह खाड़ी में युद्ध विकराल रूप लेगा। पुतिन और उनके हमसफर चीन के राष्ट्रपति शी चिन्फ़िंग तो न्यूयॉर्क पहुँचे नहीं, नाटो के द्वार पर रूसी दुंदुभि से हताश निराश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के क़द्दावर, स्थायी सदस्य इंग्लैंड और फ़्रांस भी व्लोडोमीयर जेलेंस्की के स्वर में स्वर मिला रहे हैं, लेकिन जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हैं कि उन्हें रूस के अंदरूनी हिस्सों में मार करने के लिए लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र दिये जाएँ। यहाँ इंग्लैंड की नई सरकार के तेवर, ख़ासकर उसके विदेश मंत्री ने यूक्रेन-रूस युद्ध में पुतिन की हठधर्मिता को कोसते हुए माफिया कह डाला। जेलेंस्की लगे रहे कि रूस पर युद्ध विराम और शांति के लिए विवश किया जाए। वह न्यूयॉर्क स्थित ट्रंप टावर में डोनाल्ड ट्रंप से मिले। ट्रंप भी उन्हें पुतिन से अपनी दोस्ती और एक दिन में युद्ध समाप्ति किए जाने की घुट्टी पिलाते रहे। इस ऊहापोह में संयुक्त राष्ट्र भले 190 देशों और पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद की सीमाओं में बंधा हुआ है, सुरक्षा परिषद के विस्तार में अमेरिकी प्रस्ताव पर इंग्लैंड, फ़्रांस सहित अन्यान्य देश भारत, जर्मनी और ब्राज़ील सहित एक अफ़्रीकी देश को जोड़ने के लिए आगे आए हैं, लेकिन क्या इस प्रस्ताव को चीन स्वीकार करेगा?

नरेन्द्र मोदी के शांति मार्ग के भी बहुत दीवाने हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र मंच से मोदी जब कहते हैं, ‘ ’युद्ध नहीं, शांति ही एकमात्र विकल्प है तो यूरोपीय देशों के साथ-साथ एशियाई और अफ्रीकी देश भी भारतीय दर्शन ‘विश्व बंधुत्व’ के तर्क से सम्मोहित हैं। संयुक्त राष्ट्र एक प्लेटफार्म है, साल में एक बार राष्ट्र नेता विश्व मंच पर अपनी-अपनी बात कहने न्यूयॉर्क आते हैं, दो विश्वयुद्ध की विभीषका के बाद 79 वर्ष पूर्व गठित इस साझा मंच पर अपनी व्यथा दोहराते हैं और फिर संयुक्त राष्ट्र की परिसीमाओं पर रोना रोकर चले जाते हैं।

भारतीय दृष्टि से एक अच्छी बात यह कही जा सकती है कि यूक्रेन के युवा राष्ट्रपति ने मोदी को, जो पुतिन और बाइडन दोनों के मित्र भी हैं, स्वतः एक शांति दूत माना और साथ में आशीर्वाद भी लिया। मोदी दो महीने में दूसरी बार जेलेंस्की से मिले हैं, उन्होंने अपने रूस दौरे में दया अथवा दबाव में पुतिन को ‘अनुज’ रूप में यही संदेश दिया था, ‘युद्ध नहीं, शांति’ एकमात्र विकल्प है। उन्होंने यही संदेश संयुक्त राष्ट्र पहुँचे फ़लिस्तीन के राष्ट्रपति को भी देते हुए कहा, ‘विश्व एक परिवार है, विश्व बंधुत्व भारतीय पहचान है। ईरानी राजनीति में ‘कठमुल्लेपन’ से हटकर राष्ट्रपति डाक्टर मसूद पेजेशकियन ने कहा, ‘वह पश्चिम से मित्रता का हाथ बढ़ाना चाहते हैं,’ उनके इस कथन का देश में ईरानी युवाओं ने जमकर स्वागत किया, पर देश की मिलिट्री पर कुंडली जमाए धर्मगुरु अयातुल्ला खुमाइनी ने सहज लिया होगा, जो पहले से आणविक शक्ति बनने के स्वप्न देख रहे हैं?

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

निवेश के आवश्यक तत्व



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

निवेश के लिए एक बेहतर व्यवस्था का होना बहुत जरूरी है. उस व्यवस्था के कई पहलू और बिंदु होते हैं. पहली शर्त है सुदृढ़ कानून व्यवस्था यानी उद्योगपतियों को सुरक्षा का वातावरण मिलना चाहिए. इसके बाद ईज ऑफ डूइंग बिजनेस होना चाहिए. बिजली की उपलब्धता होनी चाहिए.जमीन की भी उपलब्धता होनी चाहिए. उत्तर प्रदेश में विगत कुछ वर्षो में निवेश और व्यापार के अनुकूल व्यवस्था बनाई गई। इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे है। व्यापार मेलों का आयोजन इसी व्यवस्था में संभव हुआ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पांच दिन चले इस ट्रेड शो में अस्सी से अधिक देशों के पांच सौ से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने योगी अदित्यनाथ को गेम चेंजर बताया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की स्थितियों को बदल दिया है। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश इससे भी ज्यादा तेज गति से बढ़ेगा। योगी अदित्यनाथ ने कहा कि इस ट्रेड शो को आयोजित करने का उद्देश्य प्रदेश के छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां खुद का अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो होता है। मुख्यमंत्री ने उद्योगों के अनुकूल माहौल बनाने का काम किया है. उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था ठीक करने की थी, जिसमें वह सफल रहे. योगी ने सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया, जिसका लाभ उद्योगों को मिला.वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। इस माहौल में उद्यमी पूंजी निवेश के लिए उत्सुक हैं सुरक्षा की भावना का अभाव होने पर निवेशक निवेश से हिचकते है। पहले कई कम्पनियां अपने व्यापार को प्रदेश में जारी रखने के पक्ष में नहीं थीं। वातावरण निवेश के अनुकूल नहीं था। किन्तु कानून व्यवस्था और सुरक्षा की भावना मजबूत होते ही पहली इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो गए। इनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन शुभारम्भ हो गया। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में आगे बढ़ाने का रास्ता बना दिया है। यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। नए भारत के नए यूपी के रूप में उभारने में सफलता प्राप्त की है। पहले इसे बीमारू प्रदेश माना जाता था। निवेशकों की उत्तर प्रदेश में कोई दिलचस्पी नहीं थी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया.आज उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आकर्षक हो गया है.योगी आदित्यनाथ ने सरकार के साथ व्यवस्था में बदलाव का संकल्प लिया. कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही।

ओडीओपी योजना ने प्रदेश के निर्यात को दोगुने से अधिक किया है.आज उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट का हब बन रहा है.राज्य को डिफेंस कॉरिडोर भी दिया है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल तथा झांसी में भारत डायनामिक्स यूनिट लग रही है। कानपुर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में अच्छा निवेश आ रहा है. प्रदेश के बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई तथा जीडीपी में भी दोगुने से अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान प्रदेश में बजट के दायरे को बढ़ाया गया है। यह उत्तर प्रदेश के अनुरूप है। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं.तथा नेट जीरो की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है।यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश बन गया है। इसके साथ ही सड़कों के निर्माण और इनके किनारे पर औद्योगिक गलियारा बनाने का भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है। आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा किया जा रहा है. बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करके यहां के औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। पहले पूर्वांचल पर पिछड़ेपन का दाग था। यहां के मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस का दंश झेलने को विवश थे। नियोजित प्रयासों से आज इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर कार्य हो रहा है।उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के अभी जनपदों में करीब एक करोड़ एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है।आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया। इसमें ओडीओपी के रूप में सभी जनपदों का यूनिक प्रोडेक्ट तय किया। इसके प्रोत्साहन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए अभियान को बढ़ाया गया। यूपी में यह रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यूपी देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है। यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है। न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। यूपी सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाला प्रदेश हो गया है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है। ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। ढाई हजार से अधिक एग्जीबिटर्स, चार सौ से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम सहभागी हुआ। यूपी दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। गत वर्ष छियालिस करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए। यूपी धार्मिक, आध्यात्मिक,हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। स्पिरिच्युअल टूरिज्म की दृष्टि से रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, जैन सर्किट आदि यूपी में हैं। अयोध्या, काशी में बाबा विश्वनाथ धाम करोड़ों पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। वृंदावन,गोकुल, बरसाना ने दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। इस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में विकास से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

मरीज मजबूर, दवा माफिया अमीर, दवा के नाम पर धीमा जहर!

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में प्रचलित दवाओं के नमूने अधोमानक या गैर मानक मिलना वास्तव में बीमार लोगों के प्रति अपराध से कम नहीं है। आप को बता दें कि देश की दवा कंपनियों द्वारा तैयार की जाने वाली पैरासिटामल समेत 53 दवाओं की क्वालिटी टेस्ट में फेल होना काफी आश्चर्यजनक होने के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी संवेदनशीलता और हमारी सरकार की जागरूकता पर भी सवाल खड़े करता है। हमारे देश में डॉक्टरों को धरती का भगवान का दर्जा दिया जाता है और दवाओं को 'संजीवनी' माना जाता है। दवाओं को संजीवनी इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह जीवनरक्षक होती है। मरीज उन्हें इस विश्वास के साथ खाता है कि उनके सेवन से उसकी बीमारी ठीक हो जाएगी। जब वह दवा खाता है, तो उसे उसे पूरा विश्वास होता है कि दवा कंपनी ने उसमें कोई मिलावट नहीं की होगी, लेकिन मरीज के इसी विश्वास को कुछ दवा कंपनियां चंद पैसों के लिए तोड़ देती हैं। यह एक तरीके से मरीजों को साथ धोखा और विश्वासघात है, जिसके लिए माफ नहीं किया जा सकता है।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार पैरासिटामल सहित 53 दवाएं गुणवत्ता के मामलों में मानक से कमजोर साबित हो कर क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई हैं। इसमें विटामिन, सुगर और ब्लड प्रेशर की दवाएं भी शामिल हैं। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने इसकी लिस्ट जारी की है। देश की सबसे बड़ी ड्रग रेगुलेटरी बॉडी सीडीएससीओ की लिस्ट में कैल्शियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंटस और एंटी डायबिटीज सहित हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं भी शामिल हैं। देखा जाए तो दवा कंपनियों पर इस तरह की कार्रवाई बहुत ही जरूरी है, क्योंकि यह किसी व्यक्ति के जीवन और मरण का मामला है। मरीज का जीवन इस बात पर ही निर्भर करता है कि उसे सही समय पर, उचित मात्रा में और सही गुणवत्ता की दवा मिल रही है या नहीं। अगर दवा में ही खोट होगा तो फिर मरीज का बचना भी मुश्किल हो जाएगा। अगर देखा जाए तो दवाओं की गुणवत्ता को लेकर पहले ही सवाल उठते रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा भारत की दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। इस दिशा में सरकार ने कदम भी उठाए हैं, लेकिन इसके बावजूद दवा कंपनियां सुधरने का प्रयास नहीं कर रही है। पिछले वर्ष भारतीय कंपनियों द्वारा तैयार कुछ दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। खासकर जांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत को भारत में बनी खांसी की दवा से जोड़ा गया था। डब्लूएचओ ने जारी रिपोर्ट में कहा था कि भारत में बनी खांसी की दवा डाइयेलेन ग्लाइकोल और इथिलेन ग्लाइकोल इंसान के लिए जहर की तरह है। यही कारण है कि भारत से अफ्रीकी देशों को होने वाला दवा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में पांच फीसद घट गया। पिछले वित्त वर्ष में नाइजीरिया में निर्यात में 135 फीसद, इथियोपिया में 1.4 फीसद, युगांडा में 22.7 फीसद और घाना में 17.4 फीसद कमी आई। ऐसे में देश में दवाई की गुणवत्ता और दवाई उद्योग से संबंधित विभिन्न चुनौतियां भारतीय दवा उद्योग को दुनिया की ऊंचाइयों तक पहुंचने में बाधक बन रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार द्वारा दवा बनाने वाली कंपनियों की जांच के लिए विशेष दस्ते का गठन किया

गया। दवा उत्पादों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियामक प्राधिकारियों ने जोखिम के आधार पर कंपनियों का लेखा-जोखा जांचना शुरू किया। 137 कंपनियों की जांच की गई थी और 105 के खिलाफ कार्रवाई की गई। इकतीस का उत्पादन रोका गया और पचास के खिलाफ उत्पाद या जारी किए गए अनुभाग लाइसेंस रद्द करने और निलंबन की कार्रवाई की गई थी। इसके साथ ही तिहत्तर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और इक्कीस को चेतावनी जारी की गई थी। वर्तमान में भी केंद्र सरकार ने खराब गुणवत्ता वाली दवाओं को लेकर देश की 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। सीडीएससीओ ने 76 कंपनियों का निरीक्षण किया था और 18 के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा 26 को दवाओं की खराब गुणवत्ता की वजह से कारण बताओ नोटिस दिया गया है। यही नहीं केंद्र ने तीन फार्मा कंपनियों के उत्पाद की अनुमति भी रद्द कर दी है। केंद्र और राज्यों के संयुक्त अभियान में 20 राज्यों में फार्मा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। देखा जाए तो मरीजों का संकट सिर्फ इतना नहीं है कि गुणवत्ता की जांच में दवाइयां फेल हो रही हैं, बल्कि देश में आए दिन नकली दवाइयों का भंडाफोड़ हो रहा है। देश के किसी न किसी हिस्से में नकली दवाइयां पकड़ी जाती रहती हैं। रकचाप, मधुमेह और गैस की नकली दवाएं ज्यादा नकली होती, क्योंकि मरीज इसका ज्यादा सेवन करते हैं। साफ है कि कंपनी अपने बाजार प्रतिनिधियों के जोर पर अनेक चिकित्सकों को लुभावने प्रस्ताव देकर अपनी दवाओं को बेचती होगी। साथ ही इसमें कोई शक नहीं है कि मिलावटखोरों या नकली उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों के साथ हमारे देश में ढिलाई या उदारता बरती जाती है, इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। किसी न किसी रसूखदार का सहारा लेकर ऐसे उद्यमी अपराधी बचने के रास्ते निकाल लेते हैं। चूंकि भारत में आबादी ज्यादा है और उसी अनुपात में बीमारियां भी हैं, तो दवाओं की मांग यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में, कुछ दवा निर्माता कंपनियों का काम ही यही है कि ब्रांडेड दवाओं के नाम का लाभ उठाया जाए। दवा कारोबार में लाभ भी बहुत होता है। यह लाभ भी अपराधियों को दवा निर्माण के व्यवसाय में खींच लाता है। नकली दवाओं का मामला केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका जाल पूरे देश में फैला हुआ है। इसलिए सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना होगा, एक तरफ कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता को सुधारना होगा, तो दूसरी तरफ नकली दवाओं पर अंकुश लगाना होगा। इसके साथ ही सरकार को जरूरी दवाओं की कीमतें कम कराने पर ध्यान देना होगा। सरकार को देश के करोड़ों लोगों की इस शिकायत पर भी ध्यान देना होगा कि दवा विक्रेता ग्राहकों को दस-पंद्रह टेबलेट या कैप्सूल वाला पूरा पत्ता खरीदने पर जोर देते हैं। हाल ही में दवा खरीद से संबंधित एक देशव्यापी सर्वे हुआ, जिसमें पता चला कि पूरे पत्ते की खरीदी के कारण बड़ी मात्रा में दवाएं बिना उपयोग के फेंक दी जाती हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि लोगों द्वारा पिछले तीन सालों में खरीदी गई दवाओं में से सत्तर फीसद दवाएं बिना किसी उपयोग के फेंक दी गई और ऐसा हर चार में से तीन घरों में पाया गया। ऐसे में सरकार को दवा ग्राहकों की न्यायसंगत मदद के लिए दवाई के पूरे पत्ते की जगह जरूरत के हिसाब से दवाई की बिक्री हेतु आदेश जारी करने होंगे। देश का एक गरीब आदमी अपनी जिंदगी की गाड़ी कमाई से अपनी जिंदगी को बचाने के लिए दवा खरीदता है, लेकिन अगर वह नकली या खराब गुणवत्ता की दवाई खाता है, तो निःसंदेह उसके साथ बड़ा विश्वासघात है। इसलिए नीति-निर्धारकों को यह बात समझकर वह उपाय सुनिश्चित करने होंगे, ताकि लोगों को कम कीमत पर सही दवाइयां मिल सकें। हालांकि सरकार ने जन औषधि केंद्रों की व्यवस्था कर सब्सिडाइज रेट पर दवा मुहैया कराने की पहल की लेकिन यह व्यवस्था अभी बहुत ही कम स्तर पर उपलब्ध हैं दूसरी ओर दवा कारोबारियों का सिंडिकेट माफिया बतौर बदल चुका है यह दवा कारोबार से जुड़े लोगों की लाबी इतनी शक्ति संपन्न हो चुकी है कि ये लोग पूरी तरह मनमानी कर रहे हैं और कानून तथा व्यवस्था को अपने अनुकूल बनाने की राजनीतिक आर्थिक व व्यापारिक ताकत रखते हैं। ऐसे हालात में जब देश का दवा निर्माता जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण के स्थान पर ताकत और सेक्स क्षमता बढ़ाने के झूठे दावों की दवा पाउडर और नशे के विकल्प बतौर इस्तेमाल हो रहे खांसी के सीरप के निर्माण में व्यस्त हैं। कहना न होगा कि दवा व्यापार में कमीशन खोरी और मुनाफाखोरी का चलन सिर चढ़कर बोल रहा है नैतिकता और समाज के स्वास्थ्य के प्रति संवेदना या प्रतिबद्धता का भाव लेशमात्र भी नहीं है। ऐसे हालात में दवा के नाम पर सस्ता व धीमा जहर बिक रहा है। सरकारी एजेंसियां इस कारोबार के संचालकों से सांठगांठ कर उनके अधिकारी जेब भरने में व्यस्त हैं। डॉ कमीशन बटोर कर खुश है जेब और सेहत आम आदमी की कट रही है जिस को दाम चुका कर भी गुणवत्ता रहित दवा मिल रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संक्षिप्त समाचार

बाड़ी में सर्व समाज रक्तदान शिविर में 521 यूनिट हुआ रक्त संग्रहित

- प्रताप सिंह ने किया पहली बार रक्तदान

चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा बाड़ी के तत्वावधान में अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी बाड़ी द्वारा विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बयाना विधायक रितु बनावत एवं ऋषि बंसल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा भरतपुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में जसवंत सिंह गुर्जर विधायक बाड़ी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार जांगिड़, रहे! रक्तदान शिविर में श्री अग्रवाल धर्मशाला बाड़ी में रक्तदाताओं द्वारा बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें टीम द्वारा 520 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान की प्रकिया सुबह 8:00 बजे प्रारंभ की गई, जिसमें सभी रक्तदाताओं का शिविर में उत्साह बढ़-चढ़कर दिखा और रक्तदान की कड़ी में रक्तवीरों के द्वारा 521 यूनिट रक्तदान कर ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज की गई। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में प्रताप सिंह को बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने प्रमाण पत्र सील्ड, स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत सम्मान किया! शिविर में मंच का संचालन दिलीप मंगल द्वारा किया गया।

शिविर संयोजक रिंकू गर्ग, सहसंयोजक अमित मंगल, सागर गर्ग रहे! इस अवसर पर अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी के अध्यक्ष सोमेंद्र मंगल, ऋषि मित्तल जिला अध्यक्ष, डा. हिमांशु बंसल धौलपुर विष्णु सिंघल सनोरा वाले, मुन्नालाल मंगल, डॉ. शिवदयाल मंगल पूर्व पीएमओ, सरोज मंगल, अरुण मंगल एडवोकेट, नरेंद्र मंगल, दीपक सिंगल, पप्पू काकरई वाले, अग्रवाल फाउंडेशन के संस्थापक रोहित मंगल द्वारा सभी रक्तदाताओं एवं पूरी टीम का तहे दिल से धन्यवाद दिया गया एवं भविष्य में रक्तदाताओं को आवशयकता पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन किया गया।

ऑप्टिक एक्सपो का आयोजन, राजीव अरोड़ा रहे मुख्य अतिथि

चमकता राजस्थान। जयपुर। राजस्थान ऑप्टिशियंस एसोसिएशन द्वारा ऑप्टिक एक्सपो - 2024 का आयोजन रविवार को जयपुर में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता, व्यवसायी और जयपुर के समाजसेवी राजीव अरोड़ा शामिल हुए।

प्रदेश में आई केयर (नेत्र की देखभाल) के क्षेत्र में नए आयाम और संभावनाओं को लेकर एक सार्थक विमर्श इस एक्सपो में हुआ। प्रतिष्ठित नेत्र देखभाल विशेषज्ञ, आई केयर क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी, व्यापारी तथा राजस्थान ऑप्टिशियंस एसोसिएशन की जिला और प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य इस एक्सपो में उपस्थित रहे। राजीव अरोड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर अपने संबोधन में नेत्र देखभाल विशेषज्ञों से इस क्षेत्र में नई तकनीक एवं नवाचार अपनाने पर बल दिया। अरोड़ा ने कहा कि आई केयर के क्षेत्र में आज आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत के निर्माण का युग है। इस क्षेत्र में जो लेंस, फ्रेम और उपकरण हम चीन से आयात करते हैं, उनका निर्माण भारत में बड़े स्तर पर होना चाहिए। अरोड़ा ने गुजरात के व्यापारियों की तरह राजस्थान में भी आँखों की देखभाल संबंधित क्षेत्र को बढ़ाने पर जोर दिया। अरोड़ा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग और नैनो साइंस के उपयोग से इस क्षेत्र में नवोन्मेष के लिए आ''ान किया, तथा नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कई ब्रांड इस एक्सपो में उपस्थित रहे।

रक्तदान वीरों की नगरी है बाड़ी: ऋतु बनावत

बाड़ी मे सर्व समाज रक्तदान शिविर मे 521 यूनिट हुआ रक्त संग्रहित...

चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण)। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा बाड़ी के तत्वावधान में अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी बाड़ी द्वारा विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बयाना विधायक रितु बनावत एवं ऋषि बंसल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा भरतपुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में जसवंत सिंह गुर्जर विधायक बाड़ी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार जांगिड़, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, खेरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुधीर गर्ग, अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश सिंगल अग्रोहा, सुनील गर्ग, मुन्नालाल मंगल पूर्व अग्रवाल सभा अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष सरोज मंगल रही एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा बाड़ी के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग एडवोकेट द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ

अग्रकुल प्रवर्तक श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर से पूर्व 27 सितंबर को बाड़ी शहर में अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी द्वा-रा रक्तदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो बाजारों के भिन्न मार्गों से होते हुए श्री अग्रवाल धर्मशाला तक पहुँची, जिसमें युवाओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया जिसमें के तहत टीम द्वारा 520 रक्तदाताओं द्वारा पूर्व में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराए गए। रक्तदान की प्रकिया सुबह 8:00 बजे प्रारंभ की गई, जिसमें सभी रक्तदाताओं का शिविर में उत्साह बढ़-चढ़कर दिखा और रक्तदान की कड़ी में रक्तवीरों के द्वारा 521 यूनिट रक्तदान कर ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज की गई। बयाना विधायक रितु बनावत ने कार्यक्रम में बताया गया कि अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी द्वारा केवल बाड़ी शहर में बल्कि बयाना, रुपवास, करौली क्षेत्र में कोरोना काल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की सहायता की गई, जो हम सभी के लिए एक गौरव का विषय है। मै समाज की बहू होने के नाते सभी रक्तदाताओ, आगतुको का आभार करती हू तथा समाज एव आप सब के बीच ये आश्वासन देती हू कि समाज के किसी भी व्यक्ति की मेरी जरुरत हो तो मै आप सब के बीच में हमेशा उपलब्ध रहुगी तथा विधायक के तौर पर समाज को एक नई दिशा प्रदान करुगी। इस अवसर पर विधायक बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर द्वारा रक्तदान के लोगो को फायदे बात कर लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की गई। तथा युवा बंधुओ द्वारा लगाया गया! यह शिविर हम सभी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा इसी कड़ी में खेरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुधीर द्वारा रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की गई। अपना घर सेवा समिति खेरागढ़ से पधारे हुए प्रमोद एवं प्रभात मंगल द्वारा भी रक्तदान शिविर के कार्यों में सहयोग प्रदान कर इस ऐतिहासिक क्षण को अविस्मरणीय बनाया।

रक्तदान शिविर में कई परिवारों द्वारा परिवार सहित एवं युगल के साथ रक्तदान किया गया।

शिविर में मंच का संचालन दिलीप मंगल द्वारा किया गया। टीम के संरक्षक अग्रवंशी रामनिवास द्वा-रा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर संयोजक रिंकू गर्ग, सहसंयोजक अमित मंगल , सागर गर्ग रहे !इस अवसर पर अग्रवाल फाउण्डेशन हेल्प सोसायटी के अध्यक्ष सोमेंद्र मंगल ने सभी रक्तदाताओ एवं सभी समितियों का आभार व्यक्त किया तथा रक्त शिविर में विभिन्न तरह की व्यवस्था मे सहयोग देने वाले भामाशाह ऋषि मित्तल जिला अध्यक्ष, डा. हिमांशु बंसल धौलपुर विष्णु सिंघल सनोरा वाले, किशोर मंगल आर एस बेंसन वाले, रजत गर्ग लालू, मुन्नालाल मंगल, योगेंद्र मंगल, सुनील गर्ग कंपनी परिवार, सुनील मित्तल किड्स पैराडाइज सुनील सनौरा वाले, मुकेश मित्तल तसीमों वाले धौलपुर, दीपक गोयल , डॉ.अनिल मंगल धीरज गर्ग बागथरिया, विक्की सिंघल डीजे वाले कमल किशोर मनियां, रेस्टोरेंट वालो ने आदि भामाशाहों का मंच से सम्मानित कर धन्यवाद दिया गया।शिविर की व्यवस्थाओं में अपना घर सेवा समिति बाड़ी, परमार्थ सेवा समिति बाड़ी, आदि गौड़ ब्राह्मण युवा फाउंडेशन और श्री अग्रसेन राजकीय सेवा संघ बाड़ी संस्थाओं का विशेष योगदान रहा होगा।

अग्रवाल फाउंडेशन के संस्थापक रोहित मंगल द्वारा सभी रक्तदाताओं एवं पूरी टीम का तहे दिल से धन्यवाद दिया गया एवं भविष्य में रक्तदाताओं को आवशयकता पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सदस्यता अभियान सफल बनाने का किया आव्हान

चमकता राजस्थान।

जयपुर। विद्याधर नगर विधानसभा में भाजपा सदस्यता अभियान- 2024 के अंतर्गत भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अनेक क्षेत्रवासियो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यशाला में भारी संख्या में नवीन सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज सबसे बड़ी सदस्यों वाली पार्टी बन चुकी है और हम इस यात्रा में एक साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आ''ान किया कि वे पूरी मुस्तैदी से भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुट जाये।

इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जयपुर जिला सह- प्रभारी नरेश बंसल, जिला संयोजक शैलेंद्र भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर एवं सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी विष्णु चेतानी, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष केदारमल माला, आईटी संयोजक अजय विजयवर्गीय,सुनीता अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी ,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सदस्यता अभियान के संयोजक एवं सह- संयोजक पार्षद एवं प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

सेवादल चलाएगा राज्य सरकार के खिलाफ जन जागरण अभियान

चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय चांदपोल जयपुर में कांग्रेस सेवादल की प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग रखी गई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने की और मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश काग्रेस सेवादल प्रभारी और कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद भाई सबाया रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 14 नवंबर तक राज्य सरकार के खिलाफ जन जागरण अभियान सोशल मीडिया के द्वारा चलाया जाएगा, इस अभियान के तहत प्रत्येक सेवादल कार्यकर्ता प्रदेश स्तर पर राजस्थान की पर्ची सरकार की नाकामियों को सोशल मीडिया में उजगार करके विरोध दर्ज करेंगे और उन कमियों को उजागर करेगी और भाजपा की राज्य सरकार ने जो पिछली कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद किया है उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी, हेम सिंह ने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी भाई देसाई के के निर्देशानुसार आगामी 20 नवंबर तक प्रत्येक जिले मे सेवादल द्वारा जिला अधिवेशन रखा जाएगा और 8 दिसंबर को कांग्रेस सेवादल का प्रदेश अधिवेशन रखा जाएगा , मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी गोविंद भाई शबाया ने कहां की सेवादल का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आने वाले समय में भी बीजेपी सरकार के कुशासन के खिलाफ सेवा दल को बूथ स्तर पर कार्य करना पड़ेगा , सभा को पूर्व महिला सेवा दल अध्यक्ष और अजमेर दक्षिण कांग्रेस प्रत्याशी द्रोपती कोली, पूर्व राज्य मंत्री राम सिंह राव, यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जगदीश बिश्नोई , महिला सेवादल प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा नूहाल प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अडवाना कमल सिंह यादव, प्रदेश महामंत्री विमल भाटी ने भी संबोधित किया, मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटीला ने किया, स्वागत भाषण भीमराज जाखड़ ने दिया, इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह बीका, राहुल चौधरी, अविकुल शर्मा, श्याम शर्मा, विजय नागौर, ओमवीर सिंह नरूका, बृजमोहन पाठक, सोशल मीडिया प्रभारी वंदना गुप्ता, हनुमान व्यास, सहित दर्जनों प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

पत्रकार निष्पक्ष खबर से समाज में अपनी विश्वसनीयता को मजबूत करें: कैलाश विजयवर्गीय

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टएस की राष्ट्रीय बैठक में देशभर से पदाधिकारी हुए शामिल

चमकता राजस्थान

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि आज के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है। इस दौर में कई कारणों से पत्रका-रों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भी पत्रकार अपनी निष्पक्ष खबरों से जनता में अपनी विश्वसनीयता और मजबूत कर सकते हैं। मंत्री विजयवर्गीय आज भोपाल में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टएस (इंडिया) की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संगोष्ठी के माध्यम से ₹मीडिया के बदलते परिदृश्य और चुनौतियों₹ के संबंध में विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा

सिंह एवं विधायक सिंगरौली श्री रामनिवास शाह भी मौजूद थे।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि लोकतंत्र के जरिये समाज में सभी को समान अधिकार मिले हैं। इस वजह से पत्रकारों के अधिकारों की भी सीमा है। उन्होंने कहा कि प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया का भी विस्तार हुआ है। इस विस्तार में खबरों की जिम्मेदारी को लेकर समाज में खतरे भी बढ़े हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पत्रकार स्वयं अपने मानक तैयार कर समाज में आदर्श प्रस्तुत करें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि देश की आजादी के बाद नवगठित सरकारों ने देश में तुष्टिकरण को बढ़ाया है। इससे समाज में असमानता का माहौल निर्मित हुआ। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देशहित में धारा 370 को समाप्त कर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य के नागरिकों को एक समान अधिकार दिये गये हैं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस वजह से दुनिया में भारत की साख मजबूत हुई है और भारत की आवाज को दुनिया पूरी गंभीरता से सुनती है।

राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय पत्रकारिता का अपना अलग महत्व है। क्षेत्रीय खबरों से ही राष्ट्रीय स्तर की खबरें बनती है। उन्होंने क्षेत्रीय पत्रकारों के लगातार प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। कार्यक्रम को एनयूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी, एब्सोल्यूट ग्राम्य के डॉ. पंकज शुक्ला, जोनल कोऑर्डिनेटर एवं मीडिया इंचार्ज डॉ. बी.के. रीना, एसओआर सुप्रीम कोर्ट अश्वनी दुबे, जार राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने मीडिया संस्थान में वेजबोर्ड लागू करवाने, मीडिया काउंसिल व नेशनल जर्नलिस्ट्स रजिस्टर के गठन, लीगल व सोशल मीडिया सेल बनाए जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने आदि मुद्दों पर विचार रखे। संगोष्ठी में देशभर के 13 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने इस अवसर पर आर्टिकल 32 पर लिखित अश्विनी दुबे की पुस्तक का विमोचन किया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग में लंबे इंतज़ार के बाद जारी हुई मुख्य अभियंताओं की सूची

तारा चंद गुप्ता को बनाया मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव,सुनील जय सिंह को मिली प्रबंध निदेशक (आरएसआरडीसी) की कमान!

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग में लंबे इंतज़ार के बाद मुख्य अभियंताओं की सूची जारी कर दी गई है,सूची के अनुसार तारा चंद गुप्ता को मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव बनाया गया है, साथ ही उन्हें मुख्य अभियंता (पीएमजीएसवाई) का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है ,सुनील जय सिंह प्रबंध निदेशक आरएसआरडीसी,मुकेश भाटी को मुख्य अभियन्ता (पथ)बनाया गया है साथ ही मुख्य अभियंता (ब्रिजेज) भी दिया गया है,संजय सक्सेना को मुख्य अभियंता सीआरआईएफ़, विकास दीक्षित को मुख्य अभियंता (स्पेशल स्कीम्स),सतीश चंद्र अग्रवाल को मुख्य अभियंता (एनएच),मनवर अली को मुख्य अभियंता (राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी ,सुनील गुप्ता को मुख्य अभियन्ता (बिल्डिग)ओर हरिकेश मीणा को मुख्य (अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग) बनाया गया है !

सूची की ख़ास बात यह रही कि लंबे समय से एपीओ चल रहे मुख्य अभियंता सुधीर माथुर को सूची में स्थान नहीं मिला ,मिली जानकारी के अनुसार इस नाम पर सहमति नहीं बनने के कारण ही सूची को लंबे समय से रोका गया था !

सुधीर माथुर पर नहीं बनी सहमति

- तारा चंद गुप्ता

(मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव)

- सुनील जय सिंह

प्रबंध निदेशक (आरएसआरडीसी)

संक्षिप्त समाचार

जिला कलक्ट्रेट में अवकाश के दिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने की सफाई

- कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की सफाई अभियान की अगुवाई
- एडीएम, एसडीएम से लेकर कार्यालय प्रभारियों ने कर्मचारियों के साथ की सफाई
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा
- सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों एवं अधिवक्ताओं ने भी सफाई में किया सहयोग

चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 सितंबर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कलक्ट्रेट स्थित कार्यालयों एवं शाखाओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रविवार को अवकाश के दिन साफ-सफाई की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वच्छता अभियान की अगुवाई की। अपने बीच स्वयं कलक्टर को सफाई करते देख अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्होंने पूरे मनोयोग एवं समर्पण के साथ साफ-सफाई की।अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी कार्यालयों में सफाई करते नजर आए। सफाई के साथ क्षतिग्रस्त फर्निचर एवं अनावश्यक सामग्री का निस्तारण किया गया। जमा पानी की निकासी के अलावा मच्छर पनपने से रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये गए।इस दौरान कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वछता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस सकारात्मक पहल से राजकीय कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मदद मिलेगी, कार्मिकों की कार्यक्षमता में अभिवृद्धि होगी एवं आगंतुकों को भी सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। आमजन में भी स्वच्छता को लेकर प्रेरणा मिलेगी।

तीन चरणों में होगा पशु चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रशिक्षण से ज्ञान और कौशल में होगी अभिवृद्धि– शासन सचिव, पशुपालन विभाग

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 सितंबर। पशुपालन विभाग द्वारा नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 सितंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। सोमवार को टोंक रोड स्थित पशुधन भवन में दोपहर 3:00 बजे पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा इस प्रशिक्षण का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। विभाग के शासन सचिव ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों को क्लीनिकल प्रशिक्षण और राज्य सेवा के विभिन्न आवश्यक राजकीय नियम, प्रोक्योरमेंट नियम तथा विभाग की प्रमुख योजनाओं आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है साथ ही सर्जिकल प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण 23 दिवस का होगा जिसमें उन्हें सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 30 सितंबर से 22 अक्टूबर तक प्रतिदिन दो घंटे का ऑनलाइन सेशन होगा जिसमें विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देंगे।शासन सचिव ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद उन्हें लगभग चार सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जिसमें प्रत्येक नवनियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी अपने निकटतम पॉलीक्लिनिक अथवा प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में विभिन्न प्रकार की आवश्यक सर्जिकल प्रक्रियाओं में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्राप्त कर सकेंगे। दोनों प्रशिक्षणों में प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का तीसरा चरण जयपुर में आयोजित होगा, जहां सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला में बुलाया जाएगा। इस कार्यशाला में उनका लिखित और मौखिक मूल्यांकन भी किया जाएगा। अंतिम दिन उन्हें वेटरिनेरियंस ओथ दिलाई जाएगी।शासन सचिव ने कहा कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी अपने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए अपने ज्ञान और कौशल में अभिवृद्धि करेंगे। भविष्य में यह सभी पशु चिकित्सा अधिकारी विभाग के लिए मूल्यवान साबित होंगे और विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति एवं अपनी सेवाएं प्रदान करने में अपना श्रेष्ठतम योगदान देंगे।

राजस्थान राज्य अन्तर ज़िला सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर ज़िले की टीम ने फहराया परचम

- खिताबी मुकाबले में झालावाड़ जिले की टीम को 3-0 से दी मात
- प्रतियोगिता में अजेय रही जयपुर जिले की टीम

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 सितंबर। अलवर में 27 से 29 सितम्बर 2024 तक आयोजित राजस्थान राज्य अन्तर ज़िला सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर ज़िले की टीम ने खिताब जीत कर परचम लहराया है। प्रतियोगिता के निर्णायक मैच में जयपुर जिले की टीम ने झालावाड़ जिले की टीम को 3-0 के अंतर से शिकस्त देते हुए पहली बार खिताब अपने नाम कर लिया है।उल्लेखनीय है कि जयपुर जिले की टीम ने पूरी प्रतियोगिता में शानदान प्रदर्शन करते हुए लीग कम नॉक आउट मुकाबलो में करौली, ब्यावर, बाड़मेर एवं जोधपुर जिले की टीम को हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में डूंगरपुर को मात दी। वहीं, सेमी×फाइनल में जयपुर मुख्यालय की टीम से संघर्षपूर्ण मैच जीतने के बाद फाइनल में झालावाड़ से मु×काबला हुआ। प्रतियोगिता में कप्तान रणवीर सिंह की अगुवाई में जयपुर जिले की टीम के सूरज गोदारा, निकुञ्ज छीपा, राजेन्द्र शर्मा, डॉ. अशोक पलसानिया, मेजरदीन ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। जयपुर जिले की टीम के मैनेजर कृष्ण कुमार ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ की प्रशिक्षित टीम ने शिविर में दी अपनी सेवाएं

सामाजिक संगठन एम.एम.वी.एस.के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क आंखों के शिविर में 430 लोग हुए लाभान्वित

मानव सेवा और जनकल्याण से बढ़कर दुनिया में कोई भी पुनीत कार्य नहीं है : मुराद अहमद

चमकता राजस्थान

मनोहरपुर (खलील कुरैशी) 29 सितंबर मनोहरपुर कस्बे के तोपचिखाना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपचीखाना में रविवार को मनोहरपुर मुस्लिम विकास समिति के तत्वावधान में शिविर का आयोजन हुआ जिसमें मिश्री देवी आई हॉस्पिटल ने टीम ने सेवाएं दी गई। इस पुनित मौके पर शिविर में कुल 430 लोगो ने अपनी आंखों की निःशुल्क जांच कराई। इस अवसर पर एम.एम. वी.एस. के एडवोकेट मुराद अहमद ने इस महान जनकल्याणकारी समाजसेवा वादी निःशुल्क आंख जांच शिविर के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शिविर रविवार सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो कि 3 बजे तक चला।इस दौरान शिविर में 430 लोगो ने अपनी आंखें चैक करवाई। इस मौके पर मनोहरपुर पुलिस थानाधिकारी राजेंद्र यादव सहित पुलिसकर्मीओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, तथा 95 वर्ष की वृद्ध महिलाएं पुरुष व 7 वर्ष के बच्चे भी परामर्श लेने शिविर में पहुंचे। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर में निशुल्क आंखो की जांच, दवाईयां वितरण की गई।वही ऑपरेशन के लिए चिन्हित लाभार्थियों को 4 से 5 अक्टूबर को भूतनाथ मंदिर के पास निजी गार्डन से मिश्री देवी आई हॉस्पिटल की बस से बहरोड़ स्थित अस्पताल ले जाया जाएगा। जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।शिविर में अस्पताल के डॉक्टर दानिश टंडन, अशोक यादव , दीपक शर्मा, हरेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह, नवीन मेहता अजय कुमार रोहित राणा व उनकी टीम ने सेवाए दी।इस अवसर पर एच एफ एम रशीद अहमद, मुराद अहमद, सईद अहमद चौहान, अब्दुल हमीद, खान एडवोकेट मोहम्मद राशिद सोलंकी, रिजवान अहमद, निसार अहमद, तौसीफ अहमद, इमरान खान, अफसार खान सहित मनोहरपुर मुस्लिम विकास समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं और युवा समाजसेवियों ने अपनी सेवाए दी।

राजधानी जयपुर में निकाली गयी विशाल भगवा रैली,

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में चांक चौबंद रही कानून व्यवस्था

युवा शक्ति मंच राजस्थान की पहल, राज्यभर के प्रमुख संतों ने किया नेतृत्व

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)राजधानी जयपुर में रविवार को विशाल भगवा रैली का आयोजन किया गया। युवा शक्ति मंच की ओर से आयोजित इस रैली का नेतृत्व राज्य के प्रमुख संतों ने किया।युवा शक्ति मंच राजस्थान के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से यह रैली खोले के हनुमान मंदिर से शुरू होकर न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान तक निकाली गयी। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल लाइंस भाजपा विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, तथा आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रहे रवि नैय्यर शामिल रहे। भगवा रैली से पहले खोले के हनुमान मंदिर में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और महाआरती की। उसके बाद भगवा ध्वज लहराकर रैली की शुरुआत हुई। इस रैली में दुपहिया वाहन और अधिक चौपहिया वाहन पर हजारों लोग शामिल हुए। करीब पांच किलोमीटर लम्बी रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान कई जगह रैली पर पुष्प वर्षा की गई। यह रैली खोले के हनुमान मंदिर से रवाना होकर ईदगाह, गलता गेट, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार से सांगानेरी गेट होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सैनी, प्रदेश महामंत्री गौरीशंकर खोरवाल व शहर अध्यक्ष लक्ष्य मेहरा भी उपस्थित रहे। रैली के दौरान जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पुलिस प्रशासन को चाक चौबंद कर सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस को नियुक्त कर अपनी टीम के पुलिस अधिकारीयों और थानाधिकारीयों पुलिस कर्मियों के स्वयं ग्राउंड स्तर पर मौजूद रहकर कुशल नेतृत्व से सारी मॉनीटीरिंग कर अमन और शांति के साथ भगवा रैली को संपन्न करवाया जिसका सर्व समाज जयपुर शहर ने अभिवादन कर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ का आभार व्यक्त किया।

बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत, नौ यात्रियों की मौत, 23 घायल

मैहर/एजेंसी।

मध्य प्रदेश के मैहर में बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत में नौ लोगों की मौत और करीब 23 लोगों के घायल होने की खबर है। यह हादसा जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नादन देहात थाने के पास हुआ।

पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब 11 बजे प्रयागराज से नागपुर जा रही बस सड×क किनारे खड़े पत्थर से लदे डंपर ट्रक से टकरा गई। मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के मुताबिक हादसे में घायलों में से करीब छह लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सतना रेफर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य घायलों का इलाज मैहर और अमरपाटन के अस्पतालों में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया गया।

बस की केबिन और आगे की सीटों पर बैठे यात्री हादसे की जद में आ गए। घटनास्थल पर ही 6 यात्रियों की मौत हो गई। आनन-फानन में अन्य यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से देर रात अमरपाटन और मैहर की अस्पतालों में भेजा गया। मृतकों की संख्या बढ×कर अब 9 हो चुकी है। वहीं 23 यात्री इस हादसे में घायल हो गए हैं। दो घंटे से ज्यादा समय तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

चित्तौडगढ़ में तेज बहाव में बहे दो बच्चे: गांव में हड़कंप

चित्तौड़गढ़/एजेंसी। राजस्थान के चित्तौडगढ़ जिले के निंबाहेड़ा उपखंड स्थित चरलिया ब्राह्मणन गांव में नदी में नहाते समय दो बच्चे अचानक तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है, और निंबाहेड़ा कोतवाली थाना पुलिस के साथ स्थानीय ग्रामीण भी बचाव कार्य में जुटे हैं। इस दौरान, सभी की कोशिश थी कि किसी तरह बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए, लेकिन बहाव इतना तेज था कि रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने में काफी दिक्कत आ रही है। बच्चों का एक 15 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ग्रामीणों के साथ-साथ पुलिस भी बच्चों की तलाश में सक्रिय हैं। गांव के लोगों का कहना है कि वे बच्चों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तेज बहाव ने बचाव कार्य को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

सरपंच संघ राजस्थान 2 अक्टूबर से शुरू करेगा 'आग्रह आंदोलन'

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) सरपंच संघ राजस्थान 2 अक्टूबर से आग्रह आंदोलन शुरू करने जा रहा है इसके तहत सरपंच संघ राजस्थान की प्रमुख मांग है कि किसी भी सरपंच साहिबान का कार्यकाल कम नहीं किया जाए एवं जिन सरपंचों का कार्यकाल पुर्ण हो रहा है उन पंचायतो में प्रशासक नहीं लगाकर मध्य प्रदेश मॉडल को अपनाते हुए समस्त सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की गई है इसके तहत 2 अक्टूबर से आग्रह आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया इसके तहत पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन कर जरिये उपखंड अधिकारी, मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रीयो व विधायको के नाम ज्ञापन दिया जाएगा इसके बाद दूसरे चरण में कलेक्टर महोदय के माध्यम से जिला स्तर पर धरना वह प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं सांसदों के नाम ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया है ज्ञापन में राज्य सरकार व केंद्र सरकार पर बकाया रत्रछ/ त्रछ्ठ मद की राशि एवं नरेगा सामग्री राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए यह मांगे भी प्रमुख रही इसके अतिरिक्त राजस्थान सरपंच द्वारा पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर भी शीघ्र समाधान की मांग की गई इसके बाद भी अगर सरकार सरपंच संघ की मांग नहीं मानती है तो जयपुर में राज्य के सभी सरपंच साहिबान एकत्रित होकर अपनी मांगौ से सरकार को अवगत कराएंगे।बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल, कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, जिला अध्यक्ष झालावाड़ अर्जुन सिंह गौड़, बूंदी आनंदीलाल मीणा टोंक मुकेश मीणा, दोसा जिला अध्यक्ष हजारीलाल मीणा, करौली जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा, प्रदेश मंत्री रामनिवास मीणा सपोटरा,संरक्षक भवर लाल जानू, संयोजक गोविंद लाम्बा, हनुमानगढ़ अध्यक्ष धर्मपाल थालोड़, मीना सैनी सीकर, जिला अध्यक्ष बाड़मेर बालोतरा हंसराज गोदारा चेतराम भामू बीकानेर चंद्रभान सिंह राजसमंद राजेंद्र मीणा झालरापाटन केवल चंद गुर्जर झालावाड़ प्रवक्ता राम प्रसाद चौधरी जयपुर जुझार सिंह गुर्जर झालावाड़ रोड़ीलाल लोहिया राकेश मीणा टोडाभीम धर्म गौतम बूंदी राधा मीणा बूंदी महावीर सिंह सांगोद कमलेश पाटीदार झालावाड़ मुन्ना लाल मीणा सिकराय विपिन भूमना सिकराय महेश गुर्जर सिकराय नानूराम चौधरी नागौर परगना गीत गाना हनुमान चौधरी डीडवाना प्रकाश भाकर मकराना कैप्टन रामावतार सैनी दोसा, राजकिशोर शुक्ला प्रदेश पदाधिकारी एवं अन्य सरपंच साहिबान मौजूद रहे।



ओशो का किरदार पर्दे पर जीना चाहते हैं नवाजुद्दीन

मंटो और बाल ठाकरे की बायॉपिक कर चुके नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब रजनीश (ओशो) का किरदार पर्दे पर जीना चाहते हैं। वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार बैठे हैं। उनका झुकाव अध्यात्म की तरफ हमेशा से रहा है। यही वजह है कि वह ऐक्टिंग में आने से पहले भिक्षु बनने के लिए धर्मशाला चले गए थे। अब वह अध्यात्म से अपने ऐक्टिंग के जरिए जुड़ने की कोशिश करते हैं। साथ ही कई दार्शनिकों को पढ़ने-समझने के बाद उन्हें इस बात का भी अहसास हो गया कि उनका जीवन सही दिशा में जा रहा है।

अनुराग पास होते तो लगता कोई अपना है

बहुत लोग कहते हैं कि मैं आंखों से अभिनय करता हूं। यह बात अभी मेरे फिल्म के को-स्टार राजेश कुमार ने भी कही थी। उनके साथ अभिनय का यह फायदा हुआ कि हमारे बीच रिएक्शन के साथ ही ऐक्टिंग भी बाहर निकलती गई। जिस तरह वह मुझे बोलते थे और मैं रिएक्ट करता था, उसमें ही मेरी आधे से ज्यादा ऐक्टिंग हो जाती थी। वह अपने साथ वालों का बहुत आदर करने वाले इंसान हैं, जो उनकी परफॉर्मेंस में झलकता है। आंखों वाली बात तो अनुराग कश्यप को भी लगती है कि अगर मैं बिना बोले भी शॉट दूं तो अपने हाव-भाव और एक्सप्रेशन से ऐक्टिंग कर जाऊंगा। इसकी वजह है कि उन्होंने मुझे बहुत गौर से देखा है। वह जिक्र कर चुके हैं कि अगर नवाज़ को देखना है तो उनकी आंखों में देखो। खुशी होती है कि उन्होंने मुझे इतनी बारीकी से देखा और इतने अच्छे रोल दिए। वह जब मेरे साथ होते हैं तो बहुत सिक्योर फील होता है कि अपना कोई है।

मेरे ग्रे शेड वाले किरदार हीरो बन गए

आप कह सकते हैं कि ग्रे शेड वाले किरदारों में करने के लिए बहुत कुछ होता है, लेकिन आप देखेंगे कि मैंने वो किरदार किए हैं, जो ग्रेड शेड में नजर आएंगे, लेकिन उनकी हैसियत हीरो वाली होगी। ग्रे शेड में हीरो वाला ओहदा। फिर चाहे गैंग्स ऑफ वासेपुर का फैजल हो या सैक्रेड गेम्स का गणेश गायतोंडे। दरअसल, मेरी असली पसंद ही ऐसे किरदार रहे हैं। मैंने इन्हें चुना और इनमें अपना सबकुछ निचोड़कर डाल दिया इसीलिए ये ग्रेड शेड होकर भी हीरो बन गए। मुझे सपाट हीरो के किरदार कभी समझ में नहीं आते। लगता है कि अच्छा इंसान बुरा बन जाए या बुरा इंसान अच्छा बने तो जो ट्रांसफॉर्मेशन होता है, वो बहुत दिलचस्प होता है और खेलने के लिए बहुत स्पेस मिलता है।

रजनीश को पढ़ा तो लगा कि सही दिशा में जा रहा हूं

ओशो ने कहा है कि अगर कुछ करो तो सफल और विफल होने का खयाल ही मन से निकाल दो। बस उस काम में रस लेने के साथ डूबते जाओ। मैंने जब उनकी यह बात पढ़ी तो मुझे लगा कि मैं तो सही दिशा में जा रहा हूं। असल में, मैं भी ऐक्टिंग इंडस्ट्री में इसलिए नहीं आया था कि मुझे सुपरस्टार बनना है। मैं चाहता था कि बस काम करता रहूं और जिंदगी चलती रहे। मैंने ना फल देखा, ना उसके आगे पीछे स (सफल) और व (विफल) जोड़ा। ये भाव ओशो को पढ़ने के पहले ही जिंदगी ने मुझे दे दिया था। मैंने जब ग्रैजुएशन किया तो मैं आवारा-तरीके से यहां-वहां घूमता रहा। उस वक्त जिंदगी ने बहुत सी चीजें सिखा दीं, जिसमें एक अद्भुत बात यह भी थी।

ऑस्कर विनर गुनीत मोंगा के साथ काम करना चाहती हैं जरीन खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म वीर से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह इंडस्ट्री में कुछ फिल्म मेकर्स के साथ काम करना चाहती हैं, इसमें ऑस्कर विनर गुनीत मोंगा का नाम भी शामिल हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि गुनीत मोंगा के काम में क्रिएटिविटी और सोशल मैसेज होता है। जब जरीन से पूछा गया कि वह किस फिल्म मेकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखती है, तो उन्होंने झट से गुनीत मोंगा का नाम लिया। गुनीत मोंगा की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि कहानी कहने के लिए गुनीत का पैशन वास्तव में प्रेरणादायक है। कहानियों को जीवंत करने की उनकी क्षमता वाकई तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि चाहे वह कटहल हो, पगलैट हो, मसान हो, डॉक्यूमेंट्री द एलीफेंट व्हिस्परर्स हो या हाल ही में रिलीज हुई किल हो, उनका काम क्रिएटिविटी और समाज को प्रभावित करता है, जो उन्हें फिल्म मेकिंग की दुनिया की लीडर के तौर पर स्थापित करता है। इससे पहले जरीन ने वेब सीरीज पंचायत 3 की सराहना करते हुए ऐसी कहानियों में काम करने और किरदारों को निभाने की इच्छा जाहिर की थी। जरीन ने कहा था कि पंचायत जैसा शो ओटीटी स्पेस पर हावी हो रहे थ्रिलर और एक्शन जॉनर से बेहद अलग है। हमें ऐसे और शो की जरूरत है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं ऐसी दुनिया का हिस्सा बनना चाहूंगी, जो मेरी असली क्षमता को सामने लाए। यह कुछ ऐसा है, जिसमें मैं वाकई करना चाहती हूं!

महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी29 के लिए कोच बने ये अभिनेता

एस. एस. राजामौली भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े फिल्मकारों में से एक हैं। वह इस वक्त के एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके नाम से ही दर्शक सिनेमाघरों में खींचे चले आते हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान एक ब्लॉबस्टर फिल्म निर्देशक के रूप में पुख्ता कर ली है। बाहुबली के दोनों भाग और आरआरआर की वैश्विक सफलता ने उन्हें भारतीय निर्देशकों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर व्यस्त चल रहे है, जिसमें वह सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म को फिलहाल अस्थायी नाम एसएसएमबी 29 दिया गया है। इस फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। यह पहला मौका है, जब महेश बाबू और राजामौली के साथ किसी फिल्म के लिए एक साथ जुड़ रहे हैं। हाल-फिलहाल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा भी किया जा रहा है कि अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर राजामौली फिल्म से जुड़ा कोई वीडियो जारी कर सकते हैं। इसके अलावा फिल्म से जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर कलाकार नसीर भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। वह अभिनेता को संवाद बोलने के सही भाव को पकड़ने में मदद कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि वर्तमान में अभिनेता के संवाद अदायगी को निखारने के लिए गहन कार्यशालाएं चल रही है, जिनसे पर्दे पर उनकी आवाज उन संवादों में जान डाल सके और दर्शकों को भी उनसे जुड़ाव महसूस हो सके। नसीर के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर और भी अधिक बेताब हो गए हैं।

द कश्मीर फाइल्स के बाद फिर दमदार भूमिका में दर्शन कुमार, आरएमसीएस में आएंगे नजर

फिल्म द कश्मीर फाइल्स में अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाले अभिनेता दर्शन कुमार अपनी अनोखी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। वह जल्द ही फिल्म राजा मंत्री चोर सिपाही (आरएमसीएस) नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह एक ग्रे शेड किरदार में दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन गेब्रियल वत्स ने किया है। फिल्म में दर्शन कुमार एक बेहद फैशनेबल व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म की पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमेगी। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए दर्शन कुमार ने कहा, मैं इस फिल्म से जुड़कर गर्व मसहूस कर रहा हूं, क्योंकि इस फिल्म की वजह से मुझे अलग तरह की भूमिका में अपने आपको खोजने का मौका मिला। मैं पूरी उम्मीद के साथ कह सकता हूं कि मेरा किरदार लोगों को पसंद आएगा और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। गेब्रियल वत्स के साथ काम करना सचमुच एक अलग अनुभव था। आरएमसीएस की कहानी काफी अलग है, इस वजह से लोगों को इसे जरूर देखना चाहिए। फिल्म आरएमसीएस को टी एंड पोएट्री फिल्म्स बैनर के तहत नीरज शर्मा और सीमा सैनी बना रहे हैं। सीमा सैनी ने इसकी कहानी और पटकथा लिखी है। वहीं, इसका संगीत संजय बोस और सीमा सैनी ने तैयार किया है। लोगों को फिल्म के गाने शाहिद माल्या, नक्काश अजीज, देव नेगी, ब्रिजेश शांडिल्या, प्रतिभा सिंह बघेल और दिवगंत सिंगर केके की आवाज में सुनने को मिलेंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

मिर्जापुर के किरदार गोलू से बाहर निकलने के लिए थेरेपी का सहारा लिया

सीरीज मिर्जापुर का तीसरा सीजन अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया गया है। पिछले सीजन की तरह इस सीजन में भी गोलू गुप्ता के रोल में श्वेता त्रिपाठी खूब जची हैं। सीरीज में उनके साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल, विजय वर्मा जैसे कलाकार भी दिखाई दिए हैं।

आपने खुद को मिर्जापुर के रोल के लिए कैसे तैयार किया?

सीरीज में गजगामीनी का किरदार बहुत ही कॉम्प्लेक्स है। सीजन 1 में गोलू के अपने कुछ सपने थे, जिसे वो पूरा करना चाहती थी। लेकिन उससे वो सपने छीन लिए जाते हैं। उन्हीं सपनों के छिन जाने का बदला लेते हुए गोलू को दूसरे सीजन में देखा गया है।

पहले गोलू शांत स्वभाव की थी। लेकिन पिछले और इस सीजन में वो सर्वाइव करने के लिए किसी भी हद जाने को तैयार है। इस पर क्या कहना है?

हां, बिल्कुल ऐसा ही है। गोलू को हालात ने मजबूर किया है। इस वजह से वो ऐसा कर रही है। गोलू शुरुआत में ऐसी नहीं थी। लेकिन उसकी जिंदगी में ऐसे इवेंट्स हुए, जिसने उसको पूरी तरह से बदल दिया। इसलिए हमें किसी इंसान को जज करने से पहले सोचना चाहिए कि इंसान जैसा बिहेव कर रहा है, तो क्यों कर रहा है।

शूटिंग के वक्त सेट पर माहौल कैसा रहता था?

इस शो में बहुत शानदार एक्टर्स हैं। सीरीज का डायरेक्शन भी कमाल का है। सेट पर बहुत अच्छा माहौल रहता था। यहां हर एक्टर्स अपने को-एक्टर्स को सपोर्ट करते हैं। सब मिलकर इस सीरीज को परफेक्ट बनाने के लिए काम करते हैं। एक्टिंग के पूरे प्रोसेस में विजय वर्मा ने मुझे बहुत सपोर्ट किया है।

सेट पर आपकी बॉन्डिंग सबसे ज्यादा किसके साथ स्ट्रॉन्ग है?

सीरीज में मेरे अधिकतर सीन्स अली फजल और विजय वर्मा के साथ हैं। इस वजह से सेट पर इन्हीं दोनों के साथ सबसे ज्यादा टाइम बिताती हूं। मैं अली को पिछले 13 साल से जानती हूं। मैंने उसे ग्रो करते हुए देखा है। वहीं, विजय के साथ मैंने मिर्जापुर से पहले भी कई प्रोजेक्ट में साथ काम किया है। विजय एक बहुत ही अच्छे इंसान हैं। मेरी ख्वाहिश है कि मैं आने वाले से समय में विजय के साथ और भी काम कर सकूं।

गोलू जैसे किरदार को करने के बाद उस किरदार से निकलने में कितना टाइम लगता है?

मैं सीजन 2 के वक्त बिल्कुल गोलू की दुनिया में चली गई थी। वहां से निकल ही नहीं पा रही थी। समझ में नहीं आ रहा था कि मेरे साथ हो क्या रहा है। कुछ अच्छा नहीं लगता था। गोलू के जैसे ही कपड़े पहनने लगी थी। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ भी यही हुआ है। मैं भी रियल लाइफ में गोलू के जैसे बिहेव करने लगी हूं। चीजें इतनी बढ़ गई थीं कि मुझे थेरेपी का सहारा लेना पड़ा। थेरेपिस्ट ने इतनी अच्छी ट्रिक बताई जिसकी बदौलत मैं गोलू के किरदार से बाहर निकल पाई।

साथी होना खूबसूरत लेकिन मैं सिंगल खुश हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या दत्ता कई सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने कई सारी फिल्में की हैं लेकिन वो कभी मेन लीड नहीं बन पाईं। अब दिव्या अपनी फिल्म शर्मा जी की बेटी के साथ वापस आ गई हैं और इससे जुड़ी कई सारी बातें उन्होंने की हैं।

आपको इस साल इंडस्ट्री में तीस साल हो गए। इस सफर में कितना संघर्ष, कितनी चुनौतियां रहीं?

चुनौतियां तो बहुत थीं। जैसे आपने कहा, मैं बाहर से आई थी तो कुछ मालूम नहीं था कि किससे मिलना है, क्या करना है। सिर्फ ये पता था कि ऐक्टर बनना है पर सही लोग कौन है? सही फिल्म कौन सी है? सही लॉन्च क्या है वो सब नहीं मालूम था। आप कोशिश करते हैं, उसमें गलतियां होती हैं और सुधारते हैं। मुझे शुरू में बहुत रिजेक्शन मिले हैं। पहले तो मुझे इसलिए फिल्म नहीं मिलती थी कि मैं बहुत छोटी थी। मैं 17 साल की थी तो सब कहते थे कि हीरो के साथ बच्ची लगती है। फिर धीरे-धीरे मल्टीस्टारर मिलने लगीं। फिर ट्रेन टू पाकिस्तान मिली, जहां बच्ची का ही रोल था और वो रोल सबको बहुत भा गया। फिर शहीद ए मोहब्बत मिली और वो जो आर्ट सिनेमा कहा जाता है, उसके दरवाजे मेरे लिए खुल गए लेकिन मैं उन चुनिंदा ऐक्टर्स में से हूं, जिन्होंने श्याम बेनेगल, ऋतुपर्णो घोष, राकेश मेहरा, यश चोपड़ा, दोनों तरह के सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर्स के साथ काम किया है।

फिल्म में आपकी किरदार किरण एकाकीपन से भी जूझती है। आप खुद सिंगल हैं। क्या कभी साथी की कमी नहीं खलती?

निश्चित तौर पर सिंगल होना आसान नहीं है लेकिन सिंगल होने का अपना एक चार्म भी है। मुझे लगता है कि मैं उसे एंजॉय करती हूं। पहले मुझे भी हमेशा यह लगता था कि रिलेशनशिप में होना बड़ा जरूरी है लेकिन कोविड के बाद वो सोच बदल गई, क्योंकि उस दौरान हमने सबसे ज्यादा वक्त खुद के साथ बिताया और मैं उसे एंजॉय करने लगी। एक साथी होना बड़ी खूबसूरत बात है कि आपके पास कोई ऐसा साथी हो जिससे आप अपनी चीजें शेयर कर सकें। अब नहीं है तो मैं अपने दोस्तों के साथ जाती हूं पर मैं जिंदगी में सरप्राइज के लिए तैयार हूं। आपको नहीं पता कि कब क्या हो जाए लेकिन मुझे अपने में एक पूर्णता वाला अहसास भी है। किसी और पर निर्भरता या किसी की जरूरत नहीं है। अगर कोई हो तो बहुत अच्छी बात, नहीं है तो भी मैं ठीक हूं।

आप इन दिनों काफी चुनिंदा फिल्मों में नजर आ रही हैं। इसकी क्या वजह है?

हम ऐक्टर्स के साथ ऐसा अक्सर होता है कि कभी तो आप केवल शूटिंग कर रहे होते हैं और फिर चार-पांच फिल्में एक साथ आ जाती हैं। मेरा पिछला साल भी ऐसा रहा कि मैं सिर्फ शूट कर रही थी और अब सब एक के बाद एक रिलीज होंगी। पहले बंदिश बैंडिट्स आएगी, फिर एक रुका हुआ फैसला का अडाप्टेशन आएगी। फिर छावा आएगी। एक साउथ का शो किया है, वो आएगी।

लेखन में क्या चल रहा है। क्या किसी किताब को फिल्म में ढालने का ख्याल नहीं आया?

मैं बच्चों के शॉर्ट स्टोरीज लिखने पर काम कर रही हूं। फिल्मों के लिए लिखने के लिए मेरे डायरेक्टर दोस्त भी कहते रहते हैं लेकिन मैं किताबें लिखकर ही खुश हूं।

संक्षिप्त खबरें

नगर निगम के सफाई दावों की खुली पोल, पर्यावरण विभाग ने निगम को दी चेतावनी : राजेश

जगदलपुर। नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि सफाई के जो लंबे-चौड़े दावे नगर निगम करता है, पर्यावरण विभाग के पत्र से उसकी पोल खुल गई है। विभाग ने निगम प्रशासन को कड़ा पत्र लिखा है जिसमें एनजीटी के प्रावधानों के अनुसार कारवाई करने की चेतावनी दी गई है। पत्र के अनुसार विभाग ने छत्रपति शिवाजी व महाराणा प्रताप वार्ड की सरहद पर अवैध डंपिंग यार्ड बनाया जाकर शहर का कचरा डम्प किया जा रहा था। कचरे से फैलती गंदगी व बदबू से वहां के निवासियों को होने वाली तकलीफों को सच पाया है, जिससे वार्डवासियों के साथ कांग्रेस के द्वारा किए जाने वाले आंदोलन पर मुहर लग गई है। राजेश राय के अनुसार पत्र में निगम प्रशासन को यह चेतावनी भी दी गई है कि वह शीघ्र ही कचरे का निपटान करे। इसके लिए एसएलआरएम सेंटरों की सहायता लेने कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर उचित कारवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। राय ने मांग करते हूए कहा है कि नगर निगम प्रशासन को चिन्हित एसएलआरएम सेंटर में ठोस अपशिष्ट का प्रबंध किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धूम्रपान सहित अन्य व्यसनों से दूर रहने का किया आव्हान

भोपाल। दुनियाभर में रविवार को विश्व हृदय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी से धूम्रपान सहित अन्य व्यसनों से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि अनुशासित जीवन शैली, पोषक आहार एवं योग के माध्यम से हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करता है विश्व हृदय दिवस धूम्रपान सहित अन्य उन तत्वों के व्यसन से बचें, जो प्रति वर्ष दुनिया में लाखों लोगों की मौत के कारण बनते हैं। हृदय सुरक्षित रखने के प्रयासों को स्वयं आत्मसात करते हुए दूसरों को भी प्रेरित करें। गौरतलब है कि दुनिया भर में हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को दिल की बीमारियों के बारे में बताना और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है।

मेरठ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार से स्कूटी को टक्कर से तीन दोस्तों की मौत

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार/रविवार रात में तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गयी। तीनों ही दिल्ली के त्रिलोकपुरी के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि रात करीब साढ़े तीन बजे एक भयानक दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान बिट्टू उर्फ वर्मा पुत्र संतोष निवासी बी -32/ 414 त्रिलोकपुरी, दिल्ली, अंशु उर्फ मनमोहन पुत्र प्रदीप सिंह निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली, विपिन भट्ट पुत्र लक्ष्मी प्रसाद भट्ट निवासी डी 161 न्यू अशोक नगर, दिल्ली के रूप में हुई है।

पैसों के लेनदेन से परेशान महिला ने की आत्महत्या

यमुनानगर। पैसों के लेनदेन को लेकर कमेटियों का काम करने वाली महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। महिला द्वारा एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें परेशान करने वाले आरोपियों के नाम मिलें। पुलिस ने परिजन के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर और सोसाइड नोट कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी। मृतक महिला की पहचान मंजू निवासी आजाद नगर गली नबर जीरो-बी के रूप में हुई।

चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। उत्तराखंड ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत जनपद की भगवानपुर कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान ग्राम मानक माजरा से एक आरोपित को पकड़ा, जिसके कब्जे से 275 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम जॉनी, निवासी हबीबपुर निवादा थाना, भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया।

मकान का छत ढहा, दो बच्चों की मौत

कन्नौज। इंदरगढ़ थानाक्षेत्र के गोपालपुर गांव में रविवार की सुबह करीब तीन बजे किसान पुत्तूलाल के मकान की छत भरभराकर ढह गई। जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घर की छत पर पुत्तूलाल, फागुनी देवी सहित रामदास, 9 वर्षीय बेटा विवेक, 11 वर्षीय सरिता और 12 वर्षीय दिव्यांग अंजली सो रहे थे। सभी छत ढहने से सोते हुए साथ ही नीचे गिरे और मलबे में दब गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने मलबा हटा दबे हुये लोगों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। करीब एक घंटे की मशक्क्त के बाद सभी दबे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज की यूनिट का उद्घाटन

जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों और उनके आकाओं को ही परेशानी : योगी

- रोजगार के लिए और अधिक अवसर पाने के लिए उद्यमिता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है

गोरखपुर। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। पर, सुरक्षा के इस शानदार माहौल सेअपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओंको परेशानी होती है। उनके लिए अपराध ही पेशा था। वे अपराध करने को ही बड़प्पन मानते थे। सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ रुपये के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे नौकरी की बजाय उद्यमिता पर अधिक ध्यान दें। रोजगार के लिए और अधिक अवसर पाने के लिए उद्यमिता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छूने वाले जिन देशों ने उद्यमिता, शोध और नवाचार पर ध्यान दिया है, वही देश आर्थिक परिदृश्य में केंद्र बिंदु में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए, जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जो अवसर चाहिए उनमें निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सुखद स्थिति है कि बीते सात साल में उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है। योगी ने कहा निवेश के रूप में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की आस भी बढ़ रही है और रोजगार भी आ रहा है। उन्होंने वरुण बेवरेजेज की गीडा यूनिट का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इनमें से 90 प्रतिशत लोग यूपीके हैं।

नशा पुरा जीवन खराब करता है: अनिरुद्ध

शिमला। एजेंसी

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि नशा घर ही नहीं अपितु पूरा जीवन खराब करता है। उन्होंने नशा मुक्त हिमाचल के लिए पुलिस विभाग की पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रतिभागियों एवं सभी लोगों से नशे की लत से दूर रहने का आग्रह किया। मंत्री अनिरुद्ध सिंह रविवार को ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित हिमाचल प्रदेश पुलिस की 11वीं एचपी पुलिस हॉफ मैराथन कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री अनिरुद्ध ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस आज हर क्षेत्र में अपने बेहतर कार्यों के माध्यम से प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम काम रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की यह महत्वपूर्ण पहल है।

पुलिस विभाग हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में नशे से दूर रहने का संदेश प्रेषित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी है। पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश अतुल वर्मा ने स्वागत संबोधन में कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत 22 से 29 सितंबर, 2024 तक नशे के प्रति स्कूल, महाविद्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया है।

हरिद्वार में 25,000 पौधों का वितरण

हरिद्वार। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली तथा राज्य औषधीय पादप बोर्ड, देहरादून द्वारा प्रायोजित अश्वगंधा जागरूकता अभियान के तहत पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार द्वारा ग्राम गोवर्धनपुर और हस्तमौली, ब्लॉक खानपुर में निःशुल्क पादप वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 50 किसानों ने पंजीकरण कराया और लगभग 25,000 अश्वगंधा के पौधे प्राप्त किए। इस अवसर पर पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के वैज्ञानिक डॉ. उदय भान प्रजापति, डॉ. रमाशंकर, सीनू, ब्लॉक एनआरएलएम मिशन मैनेजर विशाल शर्मा, डाटा इंट्री आपरेटर चित्रांश परमार, एरिया कॉर्डिनेटर रविन्द्र कुमार, सीएलएफ पूनम, एससीआरपी सरिता और बैंक सखी रेखा ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नशा छोड़कर आप अपनी पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकते हैं : राज्यपाल

लखनऊ। एजेंसी

राजभवन में रविवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशा मुक्ति के लिए हवन एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समाज के हर वर्ग को नशा छोड़ने और अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी उपस्थित लोगों से जीवन में कभी नशा नहीं करने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को बीमार करता है, बल्कि पूरे परिवार को भी संकट में डाल देता है। उन्होंने बच्चों को अच्छी परिवरिश, अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा दिए जाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह माता-पिता का दायित्व है कि किसी भी प्रकार की बुरी आदतों में यदि लिप्त हैं, तो उसे त्याग दें। जिससे बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़े।

उन्होंने कहा कि नशा करने से न केवल शारीरिक और मानसिक संतुलन बिगड़ता है, बल्कि यह आपके पूरे परिवार के जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। आज इस हवन कुंड में आप अपने जीवन की सभी बुराइयों को त्यागें और एक स्वस्थ व सकारात्मक जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। नशा छोड़कर आप अपनी पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकते हैं।

भाजपा सरकार के संरक्षणा में दस साल हुआ अवैध खनन : भूपेन्द्र हुड्डा

यमुनानगर। एजेंसी

हरियाणा के विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश भर में अवैध खनन सरकार के आशीर्वाद से चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर नशा तस्करों और गुंडें माफिया को प्रदेश से उठाकर बाहर फेंकेंगे। रविवार को कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के चलते यमुनानगर के दशहरा मैदान में आयोजित रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा कांग्रेस प्रत्याशी रमन प्रकाश त्यागी के लिए वोट की अपील करने पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ पंजाब के प्रतिपक्ष नेता प्रताप सिंह बाजवा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान भी पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने रैली में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि आपके इंतजार का पसीना खाली नही जायेगा।

उन्होंने कहा कि आज यमुनानगर में आया हूं। कांग्रेस की लहर चल रही है, यह फैसला 36 बिरादरी ने कर लिया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय , निवेश, खेल में नंबर एक रहा। लेकिन भाजपा के दस साल के शासन में प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। जनता खुद कह रही है कि इस सरकार ने पूरे प्रदेश का भट्टा बिठा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को छ हजार पेंशन, दो हजार रुपए प्रति माह महिलाओं को खाते में , पांच सौ रुपए का रसोई गैस का सिलेंडर मिलेगा। किसानों को इन्होंने डंडे मारे, महंगाई चरम पर है। इनकी सरकार ठेके पर नौकरी देती है।

मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के नवाचारी प्रयासों को जानने का महत्वपूर्ण जरिया : विष्णु

रायपुर। एजेंसी

ग्रामीण अंचलों में लोग अपनी कला-संस्कृति, परम्पराओं और अमूल्य विरासत को सहेजने में अपने सामर्थ्य के अनुरूप योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से गर्व के साथ इसे देश-दुनिया के सामने रखते हैं। इससे हम देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले ऐसे सभी प्रयासों और नवाचारों के बारे में जान पाते हैं और प्रेरित होते है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रविवार को अपने निवास कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात प्रतिक्रिया देते हुए यह बातें कही। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक गोमती साय, विधायक भैया लाल राजवाड़े, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव, पद्मश्री सुनील जोगी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास, एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर रोज एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने वाले तेलंगाना के के एन राजशेखर, संथाली भाषा को सहेजने के लिए श्री रामजीत टुडू के प्रयासों, औषधीय पौधों को संरक्षित करने के लिए मदुरै की रहने वाली शिक्षिका शुभाश्री के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने आधुनिक समय में प्रतिदिन परिवर्तित हो रहे नेचर ऑफ जॉब का जिक्र करते हुए गेमिंग एनीमेशन, फिल्म मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, बैंड्स और कम्युनिटी रेडियो से जुड़े युवाओं को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल 'क्रिएट इन इंडिया' से जुड़ने की अपील की। इससे इन विधाओं से जुड़े लोग अपनी क्रिएटिविटी सभी के सामने ला सकेंगे। क्रिएट इन इंडिया के तहत 25 विविध चैलेन्ज इसमें शामिल किये गए हैं।

वन विभाग के ऑडिट पर कमलनाथ ने उठाए सवाल

भोपाल। एजेंसी

प्रदेश में 6592 वनरक्षकों से 162 करोड़ रुपये की वसूली की जा रही है। मैदानी अधिकारियों ने वसूली की राशि तय कर प्रत्येक माह वेतन से कटौती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इससे वनरक्षकों में गुस्सा है। इसको लेकर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी वन विभाग के ऑडिट पर सवाल उठाया है। उन्होंने सरकार से वनरक्षकों से वसूली के आदेश को वापस लेने की मांग की है। कमलनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में वर्तमान में सेवारत वनरक्षक (फॉरेस्ट गार्ड) से लगभग 145 करोड़ रुपये की वसूली निकाली है। यह राशि उनके वेतन से वसूल किए जाने के आदेश जारी हुए हैं। यह राशि उनके वेतन में पिछले 18 वर्षों से लगातार हो रहे भुगतान से वसूल करने के निर्देश वित्त विभाग ने जारी किए हैं। प्रदेश के 6592 वन रक्षकों से लगभग 145 करोड़ की वसूली प्रस्तावित है। कमलनाथ ने आगे कहा सरकार का कहना है कि वर्ष 2006 से कार्यरत वनरक्षकों ने अपने वेतन में (ग्रेड पे के आधार पर) अधिक राशि ले ली है। वर्ष 2006 से कार्यरत वनरक्षकों से लगभग 5 लाख रुपये और वर्ष 2013 से कार्यरत वनरक्षकों से डेढ़ लाख रुपये की वसूली किए जाने के आदेश जारी हुए हैं।

राजभवन में 53 सौ पौधे रोपित किए गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में रविवार को राजभवन में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मियावाकी विधि से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ उम्मीद संस्था के बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण में सहभागिता की। इस सामूहिक प्रयास में 75 बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। राजभवन परिसर में आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कुल 53 सौ पौधे रोपित किए गए। राज्यपाल ने पौधारोपण करते हुए सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वच्छता और हरित परिवेश के निर्माण में योगदान दे। इस अवसर पर बच्चों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए राज्यपाल ने उन्हें पौधारोपण का महत्व समझाया और इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं

'मन की बात' कार्यक्रम में सीमावर्ती गांव का जिक्र गौरव की बात: धामी

- कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर लोगों की ओर से अनेक सराहनीय कार्य किये भी जा रहे हैं
- गांव को स्वच्छ रखने के लिए एक खास पहल शुरू की

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनारवाला में प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 114वें संस्करण को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा उत्तराखंड के अपने कार्यक्रमों में हमेशा जिक्र करते हैं। आज भी अपने कार्यक्रम में उत्तरकाशी का जिक्र किया, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम हमेशा सबको सामाजिक सरोकारों को लेकर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। दस सालों में इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों और लोगों की ओर से जनहित में किये गये अनेक कार्यों का जिक्र किया और लोगों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर लोगों की ओर से अनेक सराहनीय कार्य किये भी जा रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में राज्य के उत्तरकाशी के सीमावर्ती गांव झाला का जिक्र किया। यहां के युवाओं ने अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए एक खास पहल शुरू की है। वे अपने गांव में धन्यवाद प्रकृति अभियान चला रहे हैं। यह स्वच्छता के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। इसके तहत गांव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गांव की गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेटकर, उसे, गांव के बाहर, तय जगह पर डाला जाता है। इससे झाला गांव भी स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वच्छता के इस तरह के कार्यक्रम जनसहयोग से प्रदेश के हर क्षेत्र में चलाए जाए। राज्य में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता अभियान पर राज्य सरकार की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वाहन किया है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको अपना योगदान देना है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ह्यवोकल फॉर लोकलह्न पर विशेष ध्यान देना है। त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीददारी कर हमें स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका को बढ़ाने में योगदान देना होगा।

पीएम का उत्तराखंड से विशेष लगाव: गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने हमेशा उत्तराखंड की चाहे बाल मिठाई हो या एपण कला और आज उत्तराखंड के जनपद उत्तरकाशी के झाला गांव का जिक्र किया। इस गांव के युवा रोजाना गांव में दो घंटे सफाई करते हैं। इससे गांव स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरुक भी हो रहे हैं। उन्होंने सभी से मन की बात कार्यक्रम को सुनने की अपील की।

सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी व अपराध के मामले में अव्वल : बजरंग गर्ग

- सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी लुट रहा है

रोहतक। एजेंसी

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की समस्या सुनने के उपरांत एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी लुट रहा है और किसान पिट रहा है। आज प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता भाजपा सरकार से बेहद दुखी और मुक्ति चाहती है। हरियाणा में भाजपा की सरकार जाने वाली है और चैधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रॉपर्टी आईडी की सर्वे का ठेका राजस्थान की याशी कंपनी को 18 करोड़ 11 लाख रुपए का दिया था जबकि प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे 95 प्रतिशत गलत हुआ है। सरकार ने प्रापर्टी आईडी की सर्वे करने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाएं सरकार ने लगभग 57 करोड़ रुपए से ज्यादा की पेमेंट करके करोड़ों रुपए का घोटाला किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाली कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा कर उससे ब्याज सहित पैसे की वसूली करवाई जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय महिला और पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

लीमा। भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

यश, गुनी, मान्या, लगन तथा आराध्या का नेशनल जूडो टूर्नामेंट में चयन

मुरादाबाद। आरएसडी अकादमी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट के विजयी खिलाड़ियों के लिये रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के विद्यार्थी यश दिवाकर, गुनी चौधरी, मान्या शर्मा, लगन यादव तथा आराध्या का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है। आरएसडी अकेडमी समूह के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट का आयोजन मेरठ में हुआ था। उसमें आरएसडी के यश दिवाकर, गुनी चौधरी ने गोल्ड मेडल, मान्या शर्मा, लगन यादव व आराध्या ने सिल्वर मेडल तथा अंशुमन चौधरी व सुरम्या ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आज संपूर्ण आरएसडी अकादमी परिवार के लिये यह गौरव का विषय है कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के पांच छात्र- छात्राओं का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 154 रन से हराया

- स्पिनर प्रभाथ जयसूर्या 18 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे
- श्रीलंका ने पहला टेस्ट 63 रन से जीता था

गाले (श्रीलंका)। एजेंसी

श्रीलंका क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को पारी और 154 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। पिछले 15 वर्षों में यह पहला मौका है, जब श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती है। मैच में कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली पारी में नाबाद 182 रन बनाए थे। स्पिनर प्रभाथ जयसूर्या 18 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

श्रीलंका ने पहली पारी 5 विकेट पर 602 रन बनाकर घोषित की थी। इसके बाद न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ढेर हो गई थी। इस तरह न्यूजीलैंड को फॉलोआन का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा पाए। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 360 रन सिमट गई और उसे पारी और 154 रनों से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने पहला टेस्ट 63 रन से जीता था। दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पथुम निसंका पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद श्रीलंका ने डिमुथ करुणारत्ने के 109 गेंदों पर 46 रन, दिनेश चांदीमल के 208 गेंदों पर 116 रन, एंजेलो मैथ्यूज के 88 रन, धनंजय डी सिल्वा के 44 रन और कामिंडू मेंडिस के 250 गेंदों पर नाबाद 182 और कुसल मेंडिस के नाबाद 106 रन की मदद से पांच विकेट पर 602 रन का विशाल स्कोर बनाया और पारी घोषित कर दी।

न्यूजीलैंड की पहली पारी में श्रीलंका के स्पिनरों ने कहर बरपाया और मेहमान टीम को 88 रनों पर ढेर कर दिया। न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। मिचेल सैंटनर ने सबसे ज्यादा 29 रनों की पारी खेली।

डेरिल मिचेल ने 13 रन और रचिन रविंद्र 10 रन ही बना सके। बाकी सभी खिलाड़ी 10 रन तक भी नहीं पहुंच सके। प्रभाथ जयसूर्या ने 18 ओवर में दो 22 रन देकर 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। प्रभाथ के अलावा निशान पेइरिस ने तीन और असिथा फर्नांडो ने एक विकेट अपने नाम किया।

टीम दूसरी पारी में 360 रनों पर ढेर हो गई

न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ढेर होने के बाद श्रीलंका ने उसे फॉलोऑन दिया। दूसरी पारी में कीवी टीम के बल्लेबाजी ने कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन वह टीम को बड़ी हार से नहीं बचा पाए। टीम दूसरी पारी में 360 रनों पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन, मिचेल सैंटनर 67 रन, डेवोन कॉनवे 61 रन, कप्तान टॉम ब्लंडल ने 60 रन, केन विलियमसन ने 46 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका की ओर से निशान पेइरिस ने 6 विकेट, प्रभाथ जयसूर्या ने 3 विकेट, धनंजय डी सिल्वा ने एक विकेट लिया।

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में श्रीलंका तीसरे स्थान पर

श्रीलंका ने इस जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत की है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बाद श्रीलंका अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका के नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ 60 पॉइंट हैं, जबकि अंक प्रतिशत (पीसीटी) 55.56 है। न्यूजीलैंड अब सातवें स्थान पर खिसक गई है। न्यूजीलैंड के 36 पॉइंट हैं और अंक प्रतिशत 37.50 है। भारतीय टीम 71.61 अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है जबकि गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 12 मैचों में आठ जीत और 62.50 पीसीटी के साथ दूसरे स्थान पर है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय वुशु दल ने रचा इतिहास

भारतीय दल ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज के साथ जीते सात पदक

चीन और ईरान के खिलाड़ी को हराकर जीता गोल्ड

दिल्ली। एजेंसी

ब्रूनेई में सम्पन्न हुए 9वी जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने धमाल मचा दिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक जीते। यह पहला अवसर रहा जबकि भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने 48 किलो भार वर्ग में चीन के खिलाडी को जबरदस्त टककर देते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वही भारतीय खिलाडी शौर्य ने अपने प्रतिद्वन्दी ईरान को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, जबकि भारतीय खिलाड़ी तानिश नागर को 56 किलो वर्ग में

उजबेकिस्तान के खिलाडी से, अभिजीत को 60 किलो वर्ग में अल्जेरिया के खिलाडी से, दिव्यांशी को 60 किलो महिए वर्ग में ईरान के खिलाडी से, युवराज को 42 किलो भार वर्ग में कजाखस्तान के खिलाडी से हार का सामना करना पड़ा और ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इसके साथ-साथ भारतीय खिलाडी नांग मिंगबी बोरफूकान ने ताऊलु जियांशु सी ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता।

ज्ञातव्य है की इस 9 वी जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपिनशिप का आयोजन दिनांक 22 से 30 तक सितम्बर 2024 तक ब्रूनेई में किया गया था जिसमे 24 सदस्यों वाले भारतीय दल ने भाग लिया था।

विद्या भारती के विद्यालयों से अच्छे खिलाड़ी भी निकल रहे : प्रदीप कुमार

मुरादाबाद। एजेंसी

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा 36 वां क्षेत्रीय खेलकूद एथलीट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह रविवार को कांठ रोड स्थित नौवीं बटालियन पीएसी का मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन मेरठ प्रांत, उत्तरांचल प्रांत, ब्रज प्रांत द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में तीनों प्रांतों के लगभग 400 छात्र-छात्रा प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अजय अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर विनोद अग्रवाल ने गुब्बारे छोड़कर क्षेत्रीय खेलकूद एथलीट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कृष्ण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा मुरादाबाद के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक

प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के शुभारंभ होने पर विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के खिलाड़ियों द्वारा मशाल जलाकर किया गया।

इस मौके पर विद्या भारती मेरठ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप कुमार ने विद्या भारती का इतिहास संक्षिप्त रूप रूप से सभी के सम्मुख रखा तथा उन्होंने बताया कि विद्या भारती के छात्र-छात्राएं भी अनेक अच्छे पदों पर आसीन हैं। कोई अच्छा वैज्ञानिक हैं, तो कोई राजनीतिज्ञ हैं तो कोई अच्छा अधिकारी हैं। इसके अलावा विद्या भारती के विद्यालयों से अच्छे खिलाड़ी भी निकल रहे हैं, जो देश दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ डॉ तरुण अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, कृष्ण बाल विद्या मंदिर के निदेशक ओमप्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य कपिल देव चौहान, प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राजीव, प्रधानाचार्य अशोक् आदि सदस्य मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता : मार्च पास्ट में धर्मशाला वृत रहा अव्वल

- वन विभाग के फील्ड अधिकारियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है : सुंदर लाल ठाकुर

धर्मशाला। एजेंसी

25वीं राज्य स्तरीय वन खेलकूद एवं डयूटी प्रतियोगिता में मार्च पास्ट में धर्मशाला पहले स्थान पर, चंबा दूसरे तथा कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह से आठ सौ मीटर की दौड़ में पुरूष वर्ग में मंडी के कुलविंदर ने पहला, सोलन के जसवीर ने दूसरा, धर्मशाला के रिशव ने तीसरा तथा चंबा के मनीष कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया इसी तरह की महिला वर्ग की आठ सौ मीटर की दौड़ में नाहन की मनीषा ठाकुर ने पहला, चंबा की

दीपिका ने दूसरा, शिमला की अर्चना ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इससे पहले राज्य वन खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर ने विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि वन विभाग के फील्ड अधिकारियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक वन अधिकारी और कर्मचारी का शारीरिक तौर पर तंदरूस्त होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन स्टाफ का मनोबल बनाए रखने तथा उनकी सहायता हेतु 2061 वन बीटों में वन मित्रों की भर्ती की जा रही है इससे युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि हिमाचल को हरित राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना आरंभ की गई है। जिसका उददेश्य राज्य की बंजर चोटियों व पहाड़ियों को पौधारोपण से हरा भरा बनाना है। उन्होंने कहा कि वनों में साठ प्रतिशत फलदार पौधे लगाने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं इसके साथ ही टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चिह्नित स्थानों पर इको टूरिज्म साइट्स विकसित की जा रही हैं। मुख्यातिथि ने वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इससे पहले पीसीसीएफ डा पवनेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए 25 वीं राज्य वन खेलकूद प्रतियोगिता में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 13 वन वृतों के 800 वन कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में विभिन्न खेलों में भाग लेने के एकत्रित हुए हैं इस बार खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट शामिल किए गए हैं। इस अवसर पर नोडल आफिसर स्पोर्ट्स के थिरूमल तथा मुख्य वन अरण्यपाल ई विक्रम ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा डीएफओ हेडक्वार्टर राहुल शर्मा ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

38 वें राष्ट्रीय खेल में शामिल खेलो को मान्यता देगी झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन

रांची। झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन खेलो के विकास के लिए कृतसंकल्पीत है। इसके तहत इसकी पिछले दिनों आयोजित बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया था की देहरादून में आयोजित 38 वे नेशनल गेम्स में जो भी खेल शामिल होंगे, उन्हें झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन मान्यता प्राप्त खेलो की केटेगरी के तहत मान्यता देगी। इसकी जानकारी देते हुए जे ओ ए के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक ने बताया की पिछले कुछ वर्षो में गैर मान्यता प्राप्त खेलो को भी नेशनल गेम्स में जगह दी जा रही है और इसके तहत उनकी प्रतिस्पर्धा आयोजित हो रही है। अतः झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन उन सभी गैर मान्यता प्राप्त खेलो के विकास के लिए उन्हें मान्यता देगी जो आगामी 38 वे नेशनल गेम्स में शमील किये जायेंगे। यह मान्यता रिकॉगनाइज केटेगरी के तहत बगैर वोटिंग के अधिकार के होंगी। उन्होंने बताया की इसके लिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा और अपने सभी संबंधित कागजात जमा करने होंगे। झारखण्ड में एक से अधिक संघ होने की स्थिति में उन्हें आपस में समझौता करना होगा, उन्होंने बताया की गोवा नेशनल गेम्स में आयोजित किये गए विभिन्न खेल भी इसके लिए आवेदन कर सकते है।

आरबीआई की एमपीसी बैठक 7-9 अक्टूबर को, रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। एजेंसी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 7-9 अक्टूबर को होगी। बैठक के फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 9 अक्टूबर को देंगे। इस बार भी नीतिगत ब्याज दरों रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं है। आर्थिक मामलों के जानकारों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आरबीआई की तीन दिवसीय द्विमासिक एमपीसी की समीक्षा बैठक 7-9 अक्टूबर तक चलेगी। इस बैठक में भी ब्याज दरों में बदलाव की संभावना नहीं है। इससे पिछली बैठक अगस्त में हुई थी, जिसमें एमपीसी ने लगातार 9वीं बार ब्याज दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया था।



क्या और कितने सदस्यों वाली होती है एमपीसी-

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति छह सदस्यीय होती है। यह समिति नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव पर फैसला लेता है। समिति में तीन सदस्य आरबीआई के होते हैं, जबकि तीन सदस्य भारत सरकार चुनती है। रिजर्व बैंक के तीन सदस्यों में से एक गवर्नर, एक डिप्टी गवर्नर, और एक अन्य अधिकारी होता है। ये बैठक हर दो महीने में होती है।

रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक किसी भी तरह की कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को पैसे उधार देता है। आरबीआई रेपो दर का उपयोग मौद्रिक प्राधिकरण मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए करते हैं। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट में 0.25 फीसदी का इजाफा किया था, जो बढ़कर अभी 6.50 फीसदी पर है। रिजर्व बैंक ने कोरोना के दौरान 27 मार्च 2020 से 9 अक्टूबर, 2020 के बीच दो बार रेपो रेट में 0.40 फीसदी की कटौती की थी।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू सर्राफा बाजार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। सोने के भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये से लेकर 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये से लेकर 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की

आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

सितंबर में लिवाल की भूमिका में विदेशी निवेशक, 57,359 करोड़ रुपये की खरीदारी की

भारतीय बाजार में 9 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा एफपीआई का निवेश

नई दिल्ली। एजेंसी

अमेरिका समेत कई देशों में ब्याज दरों में की गई कटौती और भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत फंडामेंटल्स के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान भारतीय बाजार की ओर काफी अधिक बढ़ गया है। सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अभी तक भारतीय बाजारों में 57 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से किया गया ये निवेश पिछले 9 महीने का सर्वोच्च स्तर है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करने के बाद से ही विदेशी पोर्टफोलियो

निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश बढ़ा दिया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 57,359 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं।

अगर साल 2024 की बात की जाए तो भारतीय बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो का निवेश अभी तक 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि ब्याज दरों में कटौती होने की वजह से लिक्विडिटी बढ़ी है। इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की वजह से भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार काफी आकर्षक नजर आ रहा है।

इसके अलावा वैश्विक सूचकांकों में भारत का वेटेज बढ़ने, बेहतर विकास संभावनाएं और लगातार आकर्षक आईपीओज की लॉन्चिंग के कारण भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों पर अपना ध्यान बढ़ा दिया है। यही कारण है कि विशेष रूप से सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशको के निवेश में तेजी आई है और इसमें अभी और तेजी आने की उम्मीद की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

पूर्ववर्ती सरकार के समय टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार की होगी निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच

- **दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा :- ऊर्जा मंत्री**

चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 सितम्बर। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जयपुर डिस्कॉम के टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार एवं अन्य अनियमितताओं की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच सुनिश्चित की जाएगी और दोषी अधिकारियों एवं अन्य लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। नागर ने कहा कि गत सरकार के समय प्रदेश में 42 ग्रिड सब स्टेशन बनाने के लिए निविदा संख्या टीएन-545 और टीएन-546 तथा आरडीएसएस योजना के टेंडर संख्या 534 एवं 535 के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के माध्यम से परिवाद प्राप्त हुए थे। जिस पर डिस्कॉम द्वारा जांच प्रक्रियाधीन है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि डिस्कॉम के स्तर पर हुई जांच के परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। नागर ने बताया कि इस कमेटी द्वारा दोष सिद्ध होने की रिपोर्ट प्राप्त होते ही टेंडरों को निरस्त करने की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। गत सरकार के समय के भ्रष्टाचार के अन्य प्रकरणों में भी राज्य सरकार द्वारा निष्पक्षता से जांच की जा रही है। इस प्रकरण में भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा। दोषी, चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे सरकार बख्शेगी नहीं।

राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

- **समृद्धि हाड़ा, दृष्टि खुराना नेत्रा चोबीसा, चेष्ठा गौड़ ने लिया भाग**

चमकता राजस्थान। बूंदी– राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बूंदी की ओर से भीलवाड़ा में इमानुएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की समृद्धि हाडा, नेत्रा चोबीसा, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दृष्टि खुराना, चेष्ठा गौड ने प्रतिनिधित्व किया। बास्केटबॉल में अच्छा प्रदर्शन कर बूंदी आगमन पर अभिभावको ने स्वागत सत्कार किया और आगे भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा में अपने हुनर, खेल की बारीकियों को लक्ष्य बनाकर अपनी खेल प्रतिभा में सफलता की ओर बढ़ते रहे सभी अभिभावकों ने आशीर्वाद दिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर आई खिलाड़ियों का बूंदी अभिभावकगणों प्रियांशु सक्सेना, नमन जैन, एडवोकेट नागेंद्र सिंह हाडा, अनीता जादौन, आशीष खुराना, आदित्य, मानसिंह हाडा, ओमप्रकाश जैन, कमलेश जैन, संस्कृति हाडा, पार्थ राठौर आदि ने देवपुरा में बूंदी खिलाड़ियों का डोल नगाड़ों की थाप पर फूलमाला पहनाकर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर बास्केटबॉल की खिलाड़ी समृद्धि हाडा, दृष्टि खुराना, नेत्रा चोबीसा, चेष्ठा गोड ने जिला स्तर से राज्य स्तर पर प्रतिभा में भाग लेने में सभी अभिभावकों को जिम्मेदारी से सहयोग करने के लिए धन्यवाद देकर खेल अधिकारियों, निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

जगिङ समाज के परिचय सम्मेलन के सफल आयोजन के संबंध में किया गया सघन जन सम्पर्क

चमकता राजस्थान। मनोहरपुर (खलील कुरैशी) जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, त्रिवेणी धाम-शाहपुरा तत्वावधान में 13 अक्टूबर को त्रिवेणी धाम में आयोजित होने जा रहा युवक-युवति परिचय सम्मेलन व भामाशाह और वृद्धजनो सम्मान समारोह के सम्मान कार्यक्रम को लेकर समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ पूर्व अध्यक्ष मामराज चिचावा एवं कार्यकारी अध्यक्ष मदनलाल जांगिड़ के नेतृत्व में समिति के कार्यकत्ताओं ने मनोहरपुर क्षेत्र में जांगिड समाज के लोगों से जन सम्पर्क किया। समिति अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष राजेश जांगिड बताया कि जांगिड समाज के वृद्धजनों व भामाशाहों सम्मान समारोह और युवक-युवति परिचय सम्मेलन 13 अक्टूबर, को व 12 नवम्बर 2024 को देवउठनी एकादशी को आयोजित होने वाले 17 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाजबन्धु अधिक संख्या में पधारे एवं व्यवस्थाओं के लिए क्षेत्र के समाज बन्धु से आग्रह किया गया।

- **जनसंपर्क कार्यक्रम में ये पदाधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर लखनलाल जांगिड, कोषाध्यक्ष मोहनलाल आमेरिया, पुरण मल रतलाम, बृजमोहन जाला, बाबूलाल, चानोता लल्लूलाल, साधुराम बिदारा, बाबू लाल खोजाला आदिगण मान्य लोग जनसम्पर्क में मोजूद थे।

मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के सौजन्य से आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

- **120 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह**

चमकता राजस्थान। शाहपुरा! शाहपुरा स्थित डाक बंगला परिसर में मुस्लिम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन120 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने पधारकर रक्तदाताओं का बढाया हौसला आयोजन कर्ता टीम संस्थापक शाहरूख खान एवं मोहम्मद अंसार ने बताया कि शिवीर मे 120 युवाओं ने रक्तदान किया।यह मुस्लिम यूथ फाउंडेशन का तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस मौके पर विधायक मनीष यादव ने बताया कि रक्त की एक यूनिट तीन लोगो का जीवन बचाती है।मुस्लिम यूथ फाउंडेशन ने हमेशा आपसी सौहार्द बनाये रखने का काम किया है।विधायक ने बताया कि मेरा ब्लड ग्रुप 0+ है मेरे द्वारा रक्तदान करने पर ना धर्म लिखा जाता ना नाम केवल लिखा जाता है 0+ ग्रुप। जो किसी भी धर्म के पीडित मरीज को दिया जाकर जीवन बचाया जाता है अतः रक्तदान आपसी भाईचारे को बढाने का भी एक प्रतीक है

झुंझुनू जिले में डीएसटी व थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता

एटीएम लूट के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश: एटीएम लूट की योजना बनाते बीस हजार के इनामी सहित छह बदमाश गिरफ्तार

फॉर्च्यूनर वाहन व एटीएम तोड़ने के उपकरण किये गये ज़ब्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/झुंझुनू !(खलील कुरैशी) 29 सितंबर। जिले की स्पेशल टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एटीएम लूट की योजना बनाते 20 हजार रुपये के एक इनामी सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी व एटीएम तोड़ने के उपकरण ज़ब्त किए हैं।एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी डेनिस उर्फ नरेश बावरिया पुत्र रामचंद्र (24) निवासी श्रीकृष्णपुरा थाना धनुरी, जिला झुन्झुनू, विजय उर्फ भानू मीणा पुत्र झंडूराम (25) निवासी बामकाला ढाणी थाना बबाई, जिला नीमकाथाना हाल बीछवाल जिला बीकानेर, हाफिज खान पुत्र जुमा खान मेव (37) निवासी नसवारी थाना गोविन्दगढ, जिला अलवर, धर्मपाल मीणा पुत्र महावीर (45) निवासी बाड़ की ढाणी, तन दलेलपुरा थाना बबई जिला नीमकाथाना, रणवीर कोली पुत्र रतिराम (35) निवासी धांदुका थाना नूह सदर हरियाणा व मोहन लाल जाट पुत्र लालाराम (23) निवासी सगराणिया की ढाणी तन रामजी का गोल थाना गुढामालानी, जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया है।एसपी चौधरी ने बताया कि रविवार को डीएसटी के कांस्टेबल अमित कुमार की सूचना पर थानाधिकारी पवन कुमार चौबे मय जाप्ता मण्ड्रेला तिराहा पहुंचे, जहां पहले से ही डीएसटी उनका इंतजार कर रही थी। पास ही हाउसिंग बोर्ड के मकानों के पास घने अंधेरे में एक सफेद रंग की फोर्चूनर गाड़ी खड़ी थी।गाड़ी के अंदर बैठे हुए व बाहर ×खड़े युवक एटीएम लूट की योजना बना रहे थे। फोर्चूनर को चारों तरफ से घिरा देखकर टीम ने सभी को ज्यों के त्यों खड़े व बैठे रहने की हिदायत दी।नाम-पता पूछने पर एक ने अपना नाम डेनिस उर्फ नरेश बावरिया, दूसरे ने विजय उर्फ भानू मीणा, तीसरे ने हाफिज खान, चौथे ने धर्मपाल मीणा, पांचवे ने रणवीर कोली एवं छठे ने मोहनलाल नाम बताया।पूछताछ में बदमाशों ने सगीरा सर्किल तिराहे के पास स्थित एसबीआई बैंक एटीएम के गार्ड को बंधक बनाकर एटीएम तोड़ने की प्लानिंग करने के बारे में बताया। गाड़ी की डिक्की से एटीएम तोडने के औजार तथा विभिन्न प्रकार के गैस कटर, रस्सा, लोहे का हथोड़ा, कुल्हाड़ा, गाडी की पीछे वाली सीट के पास एक छोटा भरा हुआ गैस सिलेण्डर, एक लौहे की छैनी, एक लोहे की बड़ी छैनी, एक रिंच पाना, तीन पेचकस, दो मास्टर चाबियां, एक प्लास्टिक का रस्सा, एक प्लास्टिक का लोहे का हक लगा बैल्टनुमा रस्सा, एक लोहे का धारदार हथियार ज़ब्त किये गये।सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया जाकर अन्य और भी वारदातों में संलिप्तता की संभावना पर गहनता से अनुसंधान जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि झुंझुनूं व आसपास के क्षेत्र में ताबड़तोड से एटीएम लूट व अन्य लूट की वारदातों को अंजाम देने की फिराक में वे पूरी तैयारी से आये थे। गिरफ्तार सभी आरोपी हार्डकोर किस्म के शातिर अपराधी हैं, जो अंतरराज्यीय स्तर पर भी वारदातों को अंजाम देते है। थाना धनूरी का हिस्ट्रीशीटर डेनिस उर्फ नरेश एटीएम लूट की वारदातें करने में माहिर हाफिज खान सहित अन्य बदमाशों को एकत्रित कर वारदात के लिये लाया था। डेनिश उर्फ नरेश के विरुद्ध कुल 18, विजय उर्फ भानू के विरुद्ध 15, धर्मपाल के विरुद्ध 14 और रणवीर के विरुद्ध एक आपराधिक मुकदमें दर्ज है।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई

तीन जिलों में वांछित 37 हजार रुपये के इनामी को भीलवाड़ा के मांडल थाना क्षेत्र में पकड़ा

एनडीपीएस-आर्म्स एक्ट के मामले में है वांछित, 16 साल से दे रहा था चकमा

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 29 सितम्बर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर ग्रामीण जिले में वांछित 37 हजार रुपये के इनामी स्थाई वारंटी नारायण जाट पुत्र घीसा जाट निवासी बराणा थाना आसींद जिला भीलवाड़ा को मांडल थाना क्षेत्र से डिटेन किया है। जिसके बारे में संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी नारायण जाट भीलवाड़ा जिले में थाना आसींद के वर्ष 2008 तथा चित्तौड़गढ़ जिले के थाना निंबाहेड़ा में वर्ष 2009 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी है। वही जोधपुर ग्रामीण जिले के थाना बालेसर में वर्ष 2018 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 35 हजार तथा भीलवाड़ा के थाना आसींद में 2023 के आर्म्स एक्ट के मामले में 2000 रुपये का इनामी है।एडीजी एमएन ने बताया कि प्रदेश में वांछित बदमाशों एवं तस्करों इत्यादि की जानकारी व धरपकड़ के लिएउपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन में गठित की गई विभिन्न टीमों को प्रदेश के सभी शहरों में रवाना किया गया है।

आसूचना संकलन के दौरान पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम में भीलवाड़ा जिले से अटैच सदस्यों कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई को सूचना मिली कि 16 साल से पुलिस को चकमा दे रहा तस्कर नारायण जाट मध्य प्रदेश के इंदौर, धार व रतलाम की तरफ फरारी काट रहा है जो भीलवाड़ा की तरफ आएगा। सूचना को टीम ने डवलप कर शनिवार को मध्य प्रदेश से भीलवाड़ा आते समय आरोपी को मांडल थाना क्षेत्र में दबोच लिया। आरोपी के पकड़े जाने की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है।इस संपूर्ण कार्रवाई में भीलवाड़ा जिले से अटैच कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल रामनिवास, हेमंत शर्मा राकेश जाखड़, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, गंगाराम, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल चालक दिनेश कुमार शामिल थे। टीम का कुशल नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत ने किया।

जिला कलक्ट्रेट में रविवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने की सफाई - कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी

- **सफाई - स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा**
- **सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों एवं अधिवक्ताओं ने भी सफाई में किया सहयोग**

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 सितंबर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कलक्ट्रेट स्थित कार्यालयों एवं शाखाओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रविवार को अवकाश के दिन साफ-सफाई की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अवकाश के दिन कलक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता अभियान की अगुवाई स्वयं ने की। अपने बीच स्वयं कलक्टर को सफाई करते देख अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्होंने पूरे मनोयोग एवं समर्पण के साथ साफ-सफाई की अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी कार्यालयों में सफाई करते नजर आए। सफाई के साथ क्षतिग्रस्त फर्निचर एवं अनावशयक सामग्री का निस्तारण किया गया। जमा पानी की निकासी के अलावा मच्छर पनपने से रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये गए।इस दौरान कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वछता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस सकारात्मक पहल से राजकीय कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मदद मिलेगी, कार्मिकों की कार्यक्षमता में अभिवृद्धि होगी एवं आगंतुकों को भी सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। आमजन में भी स्वच्छता को लेकर प्रेरणा मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया 92 लाख की सड़कों के निर्माण का शुभारम्भ

दीपावली से पूर्व होगा सड़कों का जीर्णोद्धार : देवनानी

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 सितम्बर। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली से पूर्व अजमेर शहर की अधिकांश सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार हो हाथी खेड़ा राज कॉलोनी में 59 लाख लागत की सीसी सड़क, जगदम्बा कॉलोनी में 15 लाख की सड़क एवं प्रज्ञा नगर में 18 लाख की सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में श्री देवनानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत से अधिक कार्य आरम्भ हो गए है। तेलंगाना हाऊस का आवंटन निरस्त किया गया है। साइन्स पार्क को पुनः स्वीकृत करवाकर अपग्रेड करते हुए शिलान्यास किया गया है। अजमेर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी प्रकार आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाईट चिकित्सालय बनेगा उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। चामुण्डा माता मन्दिर तक रोप वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी। इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास की गति अनवरत बनी रहेगी। पहले बजट में ही 1500 करोड़ से अधिक की सौगातें मिली है। भविष्य में ड्रेनेज सिस्टम को अपग्रेड करने पर कार्य किया जाएगा। फॉयसागर के केचमेण्ट एरीया की सुरक्षा के लिए 5 करोड़ की राशि से दीवार बनाई जानी है। सुगम यातायात के लिए रिंग रोड बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929